

राजस्थान फाउंडेशन द्वारा राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे के सम्मानार्थ आयोजित गोष्ठी के अवसर पर लिए गए चित्र में श्रीमती वसुंधरा राजे के साथ प. बंगाल विधानसभा में एकमात्र राजस्थानी विधायक, अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण बाजाज, उद्योगपति साहित्यकार डा. प्रभा खेतान फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भुतोड़िया परिलक्षित हैं।

'सन्मार्ग' कोलकाता, बुधवार, १६ मार्च, २००५ ३



**FULL MARKS**

What Vasundhara admires about Subrata:

- Tax collection drives to fill coffers
- Improvement of roads
- New parks and beautification of existing ones
- Clearing and relaying of pavements
- Improved garbage collection & disposal
- Water supply projects
- Repair of drains & sewers
- Improved street-lighting system
- Overall beautification of Kolkata



# Pink City looks to mayor for tips

## Jaipur corporation wants to repeat Subrata success story

**Jaideep Mazumdar & Rakeeb Hossain**
*Kolkata, March 18*

THE REDS (read Communists) may be gunning for the mayor, but Subrata Mukherjee has a new admirer, and a blue-blooded one at that.

Rajasthan chief minister Vasundhara Raje Scindia is so impressed with Mukherjee's administration and the turnaround in the Kolkata Municipal Corporation's finances that she's flying down to the city next week to meet him.

Before that, a team from the Jaipur corporation will be here to pick up a few tips from the mayor and his colleagues.

It was our deputy mayor Meena Devi Purohit who told Vasundhara about the KMC's "good work" over lunch here last Sunday. "I told her about the way we function, how our mayor encourages healthy competition among corporators to develop their wards, tax collection drives and other efforts to fill up the KMC coffers," said Purohit.

Not wasting any times, Scindia called up Jaipur mayor Ashok Parnami that day itself asking him to send a team to Kolkata to meet Mukherjee.

"They want to study the work we have done to fill our coffers and on Kolkata's civic development. I'll also be meeting the Rajasthan chief minister when she's here later this month," said Mukherjee.

A presentation is being prepared to enlighten the visiting team on its queries. "The presentation will help them understand what we've done and how we did it. The Rajasthan chief minister, I'm told, was very impressed with our work," said the mayor, pleased as a punch but remembering to share the accolades with his colleagues.

"It was all team work. I provide the leadership and my colleagues and officers did the rest," he said. "It's good that people from outside the state are noticing and appreciating our efforts."

"The Rajasthan CM was impressed with the changes in Kolkata and the role that the KMC played to the makeover of this city," said Sundeep Bhutoria, secretary of the Rajasthan Foundation's Kolkata chapter. "She said the KMC's efforts to spruce up the city and implement many novel projects for civic development need to be emulated."

# Kolkata Rajasthanis beg for 'real' camels

Siddhartha S Bose

**TALL TASK**

- Officials of the department of tourism are wondering: how to dispatch the camels
- The Rajsthani community is celebrating the Day on a lavish scale

A DEMAND from the Rajasthani community in Kolkata on the eve of the Rajasthan Day celebrations has turned out to be a tall order for the department of tourism. They have sought camels. Between the Rajasthani Diaspora and their motherland the animal is virtually seen as the umbilical cord.

"Our younger generation, which has grown up outside the state, have only seen camels in pictures," Rajasthan Foundation secretary, Kolkata chapter, Sundeep Bhutoria lamented. The camel becomes their identity, bonding them instantly with the state. The foundation chapter communicated its desire to have camels dispatched for the Rajasthan Day festival to the Chief Minister, Vasundhara Raje during her visit earlier this month. For the first time, the Rajsthani community is celebrating March 30, the Rajasthan Day on a lavish scale in Kolkata.

Understandably, officials of the department of tourism are racking their brains to find a way to dispatch the camels. "The troupe is being sent. I have been apprised on the request for camels, which we are considering," said tourism secretary Vinod Zutshi explaining the government stance.

Officials in the department of tourism said the logistics are being "worked out" though things are "not finalized as yet".

A highly placed official said the problem was transportation. "There are formalities, clearances have to be taken," the official said. A troupe is fine. But Kolkata Rajasthanis wants camels! Back home, the community has not stopped trying. They approached the BSF but things didn't work out. "Only two will do!" an industrialist based in Kolkata pleaded.

The Rajasthani community is organizing a spate of functions in which the state's who's who would figure. Governor Pratibha Patil is scheduled to participate in a series of functions in Kolkata on March 30, the Rajasthan Day. "Lok Sabha MP, Kiran Maheshwari, Rajya Sabha members, Arti Goenka and Mahesh Sharma, foreign minister, Natwar Singh's son and MLA Jagat Singh joined the Counsel General from Germany, Russia and Thailand," *HT* was informed. Actress Rupa Ganguly, dancer Tanushree Shankar too are among the invitees.

*HINDUSTAN TIMES JAIPUR, 21, MARCH, 2005*

# पुष्कर से कोलकाता जाएंगे ऊंट

## राजस्थान दिवस की झांकी को जीवंत करेगा रेगिस्तान का जहाज, राज्य सरकार नहीं कर पाई पशु भेजने की व्यवस्था

**विसं•जयपुर, 21 मार्च।** कोलकाता में हो रहे राजस्थान दिवस समारोह के लिए वहां के मारवाड़ी समाज ने राजस्थान सरकार से ऊंट मंगवाए थे। कई दिन चली किंतु-परंतु के बाद सरकार ने ऊंट नहीं भेजे तो उन्होंने अपने स्तर पर पुष्कर से दो ऊंट अनुबंध पर लिए, जो सोमवार रात को रवाना हो रहे हैं।

कोलकाता के मारवाड़ियों का कहना है कि राजस्थान नाम आते ही सबसे पहले आंखों के आगे ऊंट की तस्वीर आती है। इसके लिए पर्यटन विभाग से 'पधारो म्हारे देस' का लोगो लगे सात सजीले ऊंट भेजने का आग्रह किया गया था। कोलकाता के राजस्थानी राजस्थान सरकार की पहल पर ही राजस्थान दिवस मना रहे हैं। जयपुर में दस दिवसीय समारोहों की शृंखला में व्यस्त सरकार न तो कोलकाता के राजस्थानियों को ऊंट



भेज पाई और न ही मना किया। अब वहां के राजस्थानियों की भावनाएं काफी आहत है। 46 लाख की आबादी वाले कोलकाता में करीब आधे राजस्थान मूल के हैं। वहां की नई पीढ़ी ने ऊंट नहीं देखा। राजस्थान फाउंडेशन के कोलकाता चैप्टर के सचिव और युवा उद्योगपति संदीप भुतोड़िया बताते हैं कि उन्होंने भी कोलकाता में कभी ऊंट नहीं देखा।

29 से 31 मार्च को कोलकाता में राजस्थान दिवस मनाने की तैयारियां हुईं तो मातृभूमि की पहचान के लिए सभी ने ऊंट मंगवाने की इच्छा जताई। पर्यटन सचिव विनोद जुत्शी इस बारे में बताते हैं, 'यह कोलकातावासियों की भावनाओं से जुड़ा मामला है। इस बारे में वे तत्काल कुछ नहीं कह सकते। मंगलवार को ही कुछ बता सकेंगे।' हालांकि कोलकाता में मवेशियों के प्रवेश पर प्रतिबंध है, लेकिन ऊंटों के लिए राजस्थान दिवस समारोह के आयोजकों ने विशेष अनुमति ली है।

दैनिक भास्कर, 22. मार्च, 2005

35

# Images of desert kingdom to come alive in Kolkata

By Sujata Dugar
TIMES NEWS NETWORK

**Kolkata:** The city is set to get a glimpse of Rajasthan at the Rajasthan Day celebrations to be held on March 30. You can view the famed camel pair (Dola Maroo) from Pushkar, watch the colourful splendour of the folk dancers from the sand dunes of Rajasthan or dig into Mewari or Brij cuisine, all without leaving Kolkata.

Organised by Rajasthan Foundation at Gyan Manch, the event provides a taste of the rich culture and heritage of the state. The Kolkata chapter of Rajasthan Foundation — an autonomous body established by the government of Rajasthan — will celebrate the day, marking the unification of the princely kingdoms of Rajputana into the colourful state of Rajasthan in 1949, with colour and pomp.

"West Bengal is home to a large number of families from Rajasthan. The day-long celebration is an effort to bring the community together and strengthen their roots. It will also give a chance for Kolkatans to get a feel and flavour of Rajasthan," said Rajasthan Foundation (Kolkata) secretary Sundeep Bhutoria. A fact reiterated by the Foundation president Hari Mohan Bangur.



While the Jaipur chapter began the 10 day-long celebration on March 21 with a night-long open bazaar, games, celebrity guests and cultural programmes as a prelude to the big day, the Kolkata chapter will hold a programme on March 30 only. Nearly 20 prominent personalities from Rajasthan, like MP (Udaipur) Kiran Maheshwari and MLA Kunwar Jagat Singh will attend the programme at Gyan Manch, to be inaugurated by the Rajasthan Governor Pratibha Patil. A cultural programme will have 45 artistes from the deserts enthralling the audience with traditional folk dances. At least 30 city-based organisations who have been working towards the development of Rajasthan will be felicitated on the occasion. Later in the evening there will be a dinner hosted by Bhutoria, who is also president of Rajasthan National Forum, for 400 prominent guests from the city's and various consular heads. At the private venue, there will be cultural shows and a variety of Rajasthani cuisine.

Though Subrata Mukherjee is expected to attend, chief minister Buddhadeb Bhattacharjee's office is yet to confirm his presence. Plans are afoot to screen two regional movies — *Nanand Bhujai* and *Supattar Binani* — at a multiplex next month.

Fancy dress competitions and quiz contests for students is also on the cards.

**5** The Times of India, Kolkata
Tuesday, March 22, 2005

# Desert festivity spreads wings

A STAFF REPORTER



Vasundhara Raje: planning an ethnic bash

The ripples of Rajasthan Day celebrations in the land of deserts will be felt in Calcutta this summer as the expatriate community has decided to organise a host of programmes in their home away from home on March 30.

From felicitation ceremonies to folk music performances and dinner dos to discussions — the one-day programme has been drawn up with the objective of strengthening the bonds within the community and showcasing Rajasthan's cultural heritage to the people who are not sons of the soil.

"Every year March 30 is celebrated as Rajasthan Day as the state was born on this day in 1949. It has always been a low-key affair, but to create more excitement this year, the Vasundhara Raje government is organising a 10-day bash in Jaipur from March 21. Like all other regional chapters, we are also celebrating the day here," said Sundeep Bhutoria, honorary general secretary, Rajasthan Federation.

The city chapter of the federation, an autonomous body of non-resident Rajasthanis, is organising the festivities in the city with help from Rajasthan's tourism department.

While chief minister Vasundhara Raje will flag off the festivities — designed to give a big push to tourism in the state — in Albert Hall, Jaipur, Governor Pratibha Patel will fly down to Calcutta to kick off the celebration at Gyan Manch.

Industrialist R.P. Goenka, Rajya Sabha member from Rajasthan, will be present at the programme, which will see politicians, poets and government officials sharing a platform. The organisers have also invited West Bengal chief minister Buddhadeb Bhattacharjee.

The daylong celebrations will include felicitation of various city-based Rajasthani social organisations, a cultural show with folk artistes from the land of deserts and discussions. A celebrity dinner —with traditional Rajasthani food and music — will bring the curtains down on the festivities.


"This will not be a one-off event. As the city has a significant Rajasthani population and there is great interest about our state in Bengal, we have plans to organise various programmes here throughout the year," summed up Bhutoria.

# Rajasthani royalty comes calling



Vasundhara Raje Scindhia and Sundeep Bhutoria

It was a major get-together for the top industrialists of Kolkata at the residence of social worker and activist **Sundeep Bhutoria.** Being the secretary of Rajasthan Foundation, Bhutoria was the host of the lunch party that was held in honour of Rajasthan chief minister **Vasundhara Raje Scindhia.** The who's who of Kolkata, gathered on the lawns of Bhutoria's Little Russell Street residence, last Sunday, to spend some time with her. We spotted **Harsh Neotia, R S Agarwal, Dr Prabha Khaitan, Harimohan Bangur, G Sarda, M K Jalan, Smita Bajoria, Shalini Jalan, PR Agarwal, Rajendra Lodha** with his son **Harsh Lodha** were present at the party. The chief minister asked Bhutoria to take more responsibility for the development of Rajasthan. "The Rajasthani community in Kolkata have been doing community development and social welfare in Rajasthan so she asked us to form a taskforce that would advise on various development work possible there," said Bhutoria. On this occasion he also presented a painting done by Partho Bhattacharya, to her.



A painting by Partho Bhattacharjee, gifted to Vasundhara Raje by Sundeep Bhutoria



Rajendra Lodha



Prabha Khaitan and Harsh Neotia

Times of India, Wedday 23rd March 2005

# Desert tunes in Rajasthan festive fervour

**HT Correspondent**
*Kolkata, March 27*

KOLKATA MAY be home to tens of thousands of people from Rajasthan, but most have lost touch with the state of their origin. To give them a feel of Rajasthan and take them back to their roots, the Kolkata chapter of Rajasthan Foundation will organise a jamboree on Wednesday to mark the merger of the princely states with India and formation of that state.

"Most Rajasthanis in Kolkata know very little about their state. Many don't even speak the language and are ignorant of the rich history, culture and traditions of Rajasthan," said Rajasthan Foundation's Kolkata chapter secretary Sundeep Bhutoria.

The foundation's president, Harimohan Bangur, said that this year the organisation had decided to celebrate Rajasthan Day on a bigger scale than in the past. "If this succeeds, we'll make it a grand affair from next year," he said.

The highlight of Wednesday's celebrations will be a pair of famous camels, Dhola and Maroo. "Camels are synonymous with Rajasthan and so we were keen on getting the camels. These two, named after two mythical lovers from Jaisalmer, are being brought from Pushkar," said Bhutoria.

Rajasthan Governor Pratibha Patel will kick off the celebrations with a breakfast meeting with prominent women on Wednesday. She'll be the chief guest at a public function at Gyan Manch later in the morning.

The foundation is hosting a dinner for prominent Rajasthanis and a galaxy of Kolkata's politicians, litterateurs, entrepreneurs, artistes and other persona. Guests at the dinner would be treated to lip-smacking dishes such as daal batichurma, fogla dhokla, gwar patha ki subzi and raabri.

"The idea is not only to showcase Rajasthan, but also give a taste of Rajasthan cuisine. If the response is good, we can have a Rajasthan food festival for the people of this city during the Rajasthan Day celebrations next year," said Bangur.

HINDUSTAN TIMES, 28, MARCH,2005

# धूमधाम से मनाया जाएगा राजस्थान दिवस

कोलकाता, २८ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया के निर्देश पर बने राजस्थान फाउंडेशन ने बंगाल एवम राजस्थान में औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक सद्भाव बढ़ाने की दिशा में अनेक कार्य किया है। इसी क्रम में राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चेप्टर आगामी ३० मार्च को राजस्थान दिवस धूमधाम से मनाने का निश्चय किया है। इस कार्यक्रम की जानकारी आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष श्री हरि मोहन बांगड़, सचिव श्री संदीप भूतोड़िया तथा श्री प्रह्लाद राय अग्रवाल ने दी। आयोजकों ने बताया कि ३० मार्च १९४९ में राजस्थान प्रदेश का गठन हुआ था और तबसे हर वर्ष ३० मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाता है। इस बार राजस्थान सरकार के सहयोग से इसे विस्तृत रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर राजस्थान से आगत २४ कलाकारों की टीम अपने हुनर से लोगों को अवगत कराएगी। इस अवसर पर राजस्थान के विकास एवं समाज सेवाओं से जुड़ी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। श्री भूतोड़िया ने बताया कार्यक्रम में राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल, भाजपा के उपाध्यक्ष डा. महेश शर्मा उदयपुर की सांसद श्रीमती किरण माहेश्वरी, राज्यसभा सांसद श्री रमाप्रसाद गोयनका बतौर अतिथि भाग लेंगे। १० बजे से ज्ञानमंच में आयोजित होने वाले समारोह में राजस्थानियों के साथ-साथ अन्य समाज एवं भाषा भाषी लोगों को आमंत्रित किया गया है।



**सोमवार को होटल गोल्डेन पार्क में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाले राजस्थान दिवस समारोह की पत्रकारों को जानकारी देते हुए श्री प्रह्लाद राय अग्रवाल, फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, सचिव श्री संदीप भूतोड़िया एवं राजास्थानी कलाकार नेक मोहम्मद। विश्वमित्र चित्र**

दैनिक विश्वमित्र, 29 , मार्च,2005

# राजस्थान दिवंस समारोह पर रंगारंग कार्यक्रम तीस को

जनसत्ता संवाददाता

कोलकाता, २८ मार्च। महानगर के ज्ञानमंच प्रेक्षागृह में बुधवार, तीस मार्च को राजस्थान दिवस समारोह के मौके पर राजस्थान के जोधपुर एवं जैसलमेर से आए लोक कलाकारों के एक दल द्वारा लोक संगीत व नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम पेश किया जाएगा। इसका आयोजन 'राजस्थान फाउंडेशन', कोलकाता ने किया है। इस 'राजस्थान दिवस समारोह' का उद्घाटन राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटील करेंगी, जबकि मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रमाप्रसाद गोयनका होंगे। विशिष्ट अतिथि उदयपुर की सांसद श्रीमती किरण माहेश्वरी व मुख्य वक्ता डा. महेश शर्मा होंगे। यह जानकारी सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ व सचिव संदीप भूतोड़िया ने दी। इस मौके पर संस्था से जुड़े पीआर अग्रवाल व राजस्थान से आए कुछ लोक कलाकार भी उपस्थित थे।

संदीप भूतोड़िया ने बताया कि ज्ञानमंच प्रेक्षागृह में सुबह दस बजे से शुरू होने वाले इस सांस्कृतिक जलसे में राजस्थान के विकास में योगदान देने वाली कुछ सामाजिक संस्थाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

जनसत्ता , 29 , मार्च ,2005

# ভ্যাটের বিরোধিতা করে গেলেন বসুন্ধরা রাজে



স্টাফ রিপোর্টার : ভ্যাট প্রত্যাহারের দাবিতে ধর্মঘট আন্দোলনে ব্যবসায়ীদের পাশে দাঁড়ালেন রাজস্থানের মুখ্যমন্ত্রী বসুন্ধরা রাজে। ভ্যাট প্রবর্তন বিষয়ক কমিটির চেয়ারম্যান ডঃ অসীম দাশগুপ্তের রাজ্যে দাঁড়িয়ে সোমবার তিনি জানিয়ে দিয়েছেন, কেন্দ্রীয় বিক্রয়করকে সমান্তরাল ভাবে রেখে নতুন কর কাঠামো ভ্যাট কোনওভাবেই মেনে নেওয়া যায় না। সেই কারণে রাজস্থানে ভ্যাট চালু করেনি রাজ্য সরকার। একই সঙ্গে ভ্যাট এখনও চালু করেনি বিজেপি শাসিত ৬টি রাজ্য সরকার। পশ্চিমবঙ্গে ভ্যাট প্রত্যাহারের দাবিতে সোমবারে বন্‌ধের চেহারা আরও বিস্তৃত হয়।

কলকাতা ও শহরতলি কিংবা বিভিন্ন জেলার বেশ কয়েকটি পাইকারি বাজার এই বন্‌ধে শামিল হয়েছে বলে আন্দোলনকারী ব্যবসায়ী সংগঠনগুলির দাবি। এই বন্‌ধ আন্দোলনের মাঝে রাজস্থানের মুখ্যমন্ত্রী কার্যত ব্যবসায়ীদের সমর্থন করে বেশ অস্বস্তিতে ফেলে দিয়েছেন মুখ্যমন্ত্রী বুদ্ধদেব ভট্টাচার্যর সরকারকে।

বসুন্ধরা এদিন কলকাতায় এসেছিলেন রাজস্থান ফাউন্ডেশন, কলকাতা আয়োজিত এক অনুষ্ঠানে যোগ দিতে। ওই অনুষ্ঠানে তিনি পশ্চিমবঙ্গে অবাঙালি শিল্পোদ্যোগীদের রাজস্থানে আসার আহ্বান রাখেন। পরে তিনি সাংবাদিকদের প্রশ্নের জবাবে ভ্যাট নিয়ে ব্যবসায়ীদের আন্দোলনের ব্যাপারে প্রতিক্রিয়া দেন। তিনি বলেছেন,"বিজেপি সরকার ভ্যাট চালু করার উদ্যোগ নিয়েছিল ঠিকই। কিন্তু, অর্থমন্ত্রী যশবন্ত সিনহা কেন্দ্রীয় বিক্রয়করকে প্রথমে ২ শতাংশ এবং পরে ০ শতাংশে নিয়ে আসার আশ্বাস দিয়ে ছিলেন। এখন কংগ্রেস সরকার ভ্যাট চালু করার পরেও ৪ শতাংশ হারে বিক্রয়কর বহাল রেখেছে।

ভ্যাটের সঙ্গে ব্যবসায়ীরা এই বিক্রয়কর দিলে সার্বিকভাবে ব্যবসারই ক্ষতি হবে।" বসুন্ধরা রাজের এই যুক্তি পুরোপুরি মেনে নিয়েছে পশ্চিমবঙ্গের ব্যবসায়ী সংগঠনগুলি। জয়েন্ট কমিটি অফ ওয়েস্টবেঙ্গল ট্রেড বডিজ-এর সাধারণ সম্পাদক তারকনাথ ত্রিবেদি এদিন বলেছেন, "ভ্যাটেই ব্যবসায়ীদের প্রাণ ওষ্ঠাগত। তার উপর কেন্দ্রীয় বিক্রয়কর জোর করে চাপানোর কোনও মানে হয় না।"

পাইকারি বাজার বন্‌ধ থেকে এখনও পিছু হটছেন না ব্যবসায়ীরা। বরং সোমবার কলকাতার বহু পাইকারি বাজার-সহ বেশ কয়েকটি খুচরো বাজার এই বন্‌ধে শামিল হয়েছে।

বড়বাজার এলাকার ব্যবসায়ী সংগঠনগুলির যৌথ মঞ্চের পক্ষে তাপস মুখোপাধ্যায় জানিয়েছেন, এদিন বটতলা, কটন স্ট্রিট, টেরিটি বাজার, পোদ্দার কোর্ট, শ্যামবাজার, বরদান মার্কেট, পার্ক স্ট্রিট, চাঁদনিচক-সহ প্রভৃতি বাজার এই বন্‌ধে স্বতঃস্ফূর্ত শামিল হয়েছে। আজ মঙ্গলবার রাজ্যের সমস্ত ব্যবসায়ী সংগঠনগুলি সকালে বৈঠকে বসছে।

আন্দোলনের পরবর্তী পদক্ষেপ নিয়ে এই বৈঠকে আলোচনা হবে। তবে, খুব সম্ভবত পাইকারি বাজার বন্‌ধের কর্মসূচি শেষ হলেই ফের সার্বিক ব্যবসা বন্‌ধ ডাকার সিদ্ধান্ত নেওয়া হতে পারে এই বৈঠকে।


সংবাদ প্রতিদিন, মঙ্গলবার, ২৬ এপ্রিল ২০০৫ ৩

# राजस्थानी लोक कलाकारों की धूम मचेगी कोलकाता में

## ३० मार्च को मनाया जायेगा राजस्थान दिवस

नगर प्रतिनिधि

कोलकाता, २८ मार्च। महानगर में रहने वाले राजस्थानियों को वहां की लोक कला से परिचित कराने के लिए आगामी ३० मार्च को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकार अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान फाउण्डेशन (कोलकाता चेप्टर) के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने संवाददाताओं को बताया कि आगामी ३० मार्च को आयोजित राजस्थान दिवस समारोह का उद्घाटन राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल करेंगी।



ज्ञान मंच में आयोजित इस समारोह में भाग लेने के लिए अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राजस्थानी लोक कलाकारों का एक दल महानगर में आ चुका है। इन कलाकारों में शामिल नेक मुहम्मद व ज़मीर खां ने बताया कि गीतों के माध्यम से पुराने राजा-रजवाड़ों की कहानियां व लोकनृत्य पेश किये जायेंगे। मूंछों से बजाये जाने वाले एक वाद्य का प्रदर्शन करते हुए एक कलाकार ने बताया कि उनके दल में कुल २४ कलाकार शामिल हैं।

फाउण्डेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि इस समारोह में राजस्थान के विकास में योगदान करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। समारोह में उदयपुर की सांसद किरण माहेश्वरी, राज्यसभा सांसद रमाप्रसाद गोयनका तथा भाजपा के उपाध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान के विकास के लिए एक टास्कफोर्स का गठन किया जायेगा जिसकी रिपोर्ट अगले माह मुख्यमंत्री को सौंपी जायेगी। राजस्थान की लोककला से लोगों को परिचित कराना तथा वहां के औद्योगिक विकास के लिए लोगों को प्रेरित करना ही इस समारोह का उद्देश्य है।

*सन्मार्ग, 29, MARCH, 2005*

# राजस्थान स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम

जितेंद्र कुमार सिंह

**कोलकाता, 28 मार्च :** भारतीय इतिहास के महिमामंडित पृष्ठों पर राजस्थान का गौरवशाली इतिहास स्वर्णाक्षरों में अंकित है. इस बंजर व रेतीली जमीन को यहां के वीर योद्धाओं ने अपने लहू से सींच कर इसे ऐतिहासिक उर्वरता प्रदान की है, लेकिन भारत की यह वीरस्थली केवल अपनी वीरता, त्याग, बलिदान व आत्मोत्सर्ग की गाथाओं के लिए ही विख्यात नहीं है, बल्कि अपनी अनुपम कला, संगीत व सांस्कृतिक धरोहर के लिए भी विश्व विख्यात है. राजस्थान स्थापना दिवस (30 मार्च) के अवसर पर इसी अनुपम कला की छटा को महानगर की धरती पर बिखेरने का प्रयास किया गया है. ऐसा कहना है राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चैप्टर के सचिव संदीप भूतोड़िया का. वह आज महानगर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद बीकानेर, जोधपुर, जयपुर व उदयपुर आदि कई अन्य राजपूताना रियासतों को मिला कर 30 मार्च, 1949 को इस प्रांत को राजस्थान राज्य के रूप में प्रतिष्ठित किया गया था. तभी से प्रत्येक वर्ष राजस्थान सरकार इस तिथि को राजस्थान स्थापना दिवस के रूप में मनाती आ रही है. उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन विभाग व राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर 30 मार्च को महानगर के ज्ञान मंच में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राजस्थान की लोक कला व संस्कृति की सोंधी महक से महानगरवासियों को परिचित व मंत्रमुग्ध किया जायेगा. श्री भूतोड़िया ने कहा कि राजस्थान के विकास में जिन संस्थाओं ने अपना सक्रिय योगदान दिया है, उन्हें राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल द्वारा इस अवसर पर सम्मानित किया जायेगा. उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल, राजस्थान की सांसद किरण माहेश्वरी, भाजपा के उपाध्यक्ष महेश शर्मा व उद्योगपति आरपी गोयनका सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे. इससे पहले इस संवाददाता सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष **हरिमोहन बांगड़** ने कहा कि राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने राज्य की सांस्कृतिक परंपरा व कला से विश्व को परिचित कराते हुए उसे संवारने का सपना देखा था. अपने उसी स्वप्न को साकार रूप प्रदान करने के लिए उन्होंने राज्य में 21 मार्च से 30 मार्च तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन कराया है. श्री बांगड़ ने बताया कि राजस्थान में कार्यक्रम के समापन दिवस (30 मार्च) के अवसर पर वैसी ही झांकी निकाली जायेगी, जो गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश की राजधानी दिल्ली में निकाली जाती है. उन्होंने कहा कि राजस्थान के प्रवासी लोग अपने राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को अब भी अपनी आत्मा में संजोये हुए हैं. उन्होंने कहा कि इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे. इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए रूपा एंड कंपनी लिमिटेड के संयुक्त कोषाध्यक्ष व निदेशक [illegible] अग्रवाल ने कहा कि महानगर में [illegible] कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राजस्थानी संस्कृति व [illegible] की अन्य सांस्कृतिक धाराओं से जोड़ना है. उन्होंने कहा कि राजस्थानी परंपरा व संस्कृति के बहुत से अनछुए पहलुओं को इस कार्यक्रम में प्रस्तुत कर लोगों को उनसे परिचित कराया जायेगा. इस अवसर पर उपस्थित राजस्थानी कलाकार नेक मुहम्मद ने कहा कि महानगर में 30 मार्च को आयोजित होनेवाले कार्यक्रम में राजस्थानी लोक नृत्य, लोक गीत, लोक कहानियां व कविताओं को पेश किया जायेगा. गौरतलब है कि 30 मार्च, 1949 को राजस्थान को भारत के एक अलग राज्य का दर्जा मिला था.



संवाददाताओं को संबोधित करते राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया.

*प्रभात खबर , 29 , मार्च,2005*

# राजस्थान दिवस पर दो संस्कृतियों का समागम होगा

कोलकाता, 28 मार्च (संवाददाता)। प्रवासी राजस्थानियों को अपनी संस्कृति से जोड़ने एवं कोलकाता के लोगों को राजस्थानी संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से 30 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष एच एम बांगड़ ने दी। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने कहा कि 30 मार्च को ज्ञान मंच में 10 बजे पूर्वाह्न से कार्यक्रम शुरू होगा जिसमें राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान से राज्यसभा के सांसद सुप्रसिद्ध उद्योगपति रामा प्रसाद गोयनका उपस्थित रहेंगे। इसकेअलावा उदयपुर से सांसद किरण माहेश्वरी सहित कई विशिष्ट व्यक्ति इस समारोह में हिस्सा लेंगे। राजस्थान के जैसलमेर और जोधपुर के लोक संस्कृति के कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया जाएगा जिसमें राजस्थान की पारंपरिक लोकगीतों से लोगों का मनोरंजन किया जाएगा। इस मौके पर लोग राजस्थान के जायकेदार व्यंजनों का भी मजा उठा सकेंगे। राजस्थान फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष पी आर अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान के लोग देश के विभिन्न शहरों में रहते हैं, उन्हें अपनी संस्कृति से कैसे जोड़ा जाय जिससे राजस्थान का सांस्कृतिक एवं औद्योगिक विकास हो सके, यही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से राजस्थान एवं बंगाल की संस्कृति में समागम होगा। उल्लेखनीय है कि 1947 ई. में देश को आजादी मिलने के पश्चात रियासतों को 30 मार्च 1949 ई. को पुनंगठित किया गया था उसी समय से राजस्थान दिवस मनाया जाता है। राजस्थान दिवस का कार्यक्रम जयपुर में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 30 मार्च को कोलकाता में कार्यक्रम आयोजित है।

कुछ दिन पूर्व राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे भी कलकत्ता आयीं थीं। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से राजस्थान की सांस्कृतिक व औद्योगिक विकास के लिये आगे आने का आह्वान किया था। इससे लगता है कि राजस्थान सरकार विशेष रूप से कोलकाता के राजस्थान प्रवासियों को विकास कार्य में जोड़ना चाहती है और आने वाले दिनों में राजस्थान फाउंडेशन इस मामले में अहम् भूमिका निभा सकता है।



*राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए। बैठे हैं उनके दायें अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ एवं प्रह्लाद राय अग्रवाल।*

# राजस्थान के राज्यपाल श्रीमती पाटिल का कल आगमन

कोलकाता, 28 मार्च। राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदया श्रीमती प्रतिभा पाटिल अपने तीन दिवसीय यात्रा पर कल कोलकाता प्रवास के दौरान 30 मार्च सुबह 10 बजे राजस्थान फाउंडेशन के कोलकाता चेप्टर द्वारा ज्ञानंच पर आयोजित 'राजस्थान दिवस समारोह' का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में कोलकाता में प्रवासी राजस्थानियों द्वारा संचालित विभिन्न संस्थाओं को उनके द्वारा राजस्थान के विकास में योगदान हेतु सम्मानित किया जायेगा। उसी दिन शाम 6.30 बजे श्री शिक्षायतन विद्यालय में वे भारत रिलीफ सोसाइटी के सेवा यात्रा के दो दशक समारोह के अवसर पर सोसाइटी के संस्थापक स्वर्गीय श्री बजरंग लाल सोमानी की मूर्ति का अनावरण करेंगी। अगले दिन 31 मार्च सुबह 10 बजे राज्यपाल महोदया अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्यों को संबोधित करेंगी एवं दोपहर 11.15 बजे अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आयोजित एक गोष्ठी को संबोधित करेंगी। उसी दिन 3.45 बजे वायुयान द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।



*छपते छपते, 29, मार्च,2005*

# DUNE TUNES



Folk artistes from Rajasthan present melodies from the desert state on Monday at a preview of the Rajasthan Day celebrations to be organised at Gyan Manch on March 30. Picture by Sanjoy Chattopadhyaya

*THE TELEGRAPH , 29 , MARCH,2005*



Dancers from Nake Muhammad Langa troupe performing in the city at a party hosted by social activist Sundeep Bhutoria for the Rajasthan Festival, on Tuesday. Also seen are (above right) leader of the troupe Safi Muhammad Langa and (above left) young singers who form part of the troupe

CALCUTTA TIMES , 30 ,MARCH 2005

47



राजस्थानी लोककला का नमूना। कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थानी लोक वाद्य यंत्र 'मरचंग' बजा रहा एक कलाकार। (फोटो : विश्वमित्र)

दैनिक विश्वमित्र, 30, मार्च, 2005

Anindya Chattopadhyay



Dola and Maroo are stars in their own right, back in desert country. The 'camel couple' will perform their colourful tricks at the Rajasthan Divas celebrations in the city on Wednesday.

THE TIMES OF INDIA, 30, MARCH 2005

# देश के विकास में राजस्थानियों की अहम भूमिका है : प्रतिभा पाटील

कोलकाता, ३० मार्च (जनसत्ता)। 'देश के विकास में राजस्थानियों की अहम् भूमिका है। अपनी सोच, समझ और क्षमता के आधार पर राजस्थानी न केवल भारत बल्कि विश्व में अपनी अलग पहचान रखते हैं। राजस्थानियों की यह विशेषता रही है कि वे जिस प्रदेश में भी जाकर बसे, उस प्रदेश के उत्थान में तन-मन-धन से योगदान देने में कभी पीछे नहीं हटे।' ये बातें रविवार को राजस्थान फाउंडेशन की ओर से ज्ञानमंच में आयोजित एक जलसे को संबोधित करते हुए राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटील ने कहीं।

उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, तकनीकी, साहित्य और कला के क्षेत्र में आज राजस्थानी अग्रणी हैं। बावजूद इसके अन्य प्रदेशों की अपेक्षा राजस्थान में महिलाओं की स्थिति बेहतर नहीं है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों कराए गए सर्वेक्षण के मुताबिक करीबन ४३ प्रतिशत राजस्थानी महिलाएं ही शिक्षित हैं, जो अन्य राज्यों की तुलना में कम है। उन्होंने कहा कि अब जबकि राजस्थान के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष पद पर महिलाएं विराजमान हैं तो उनका नैतिक कर्तव्य बनता है कि वे महिलाओं को साक्षर और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

पाटील ने राजस्थान से दो हजार किलोमीटर दूर बसे कोलकाता में रह रहे राजस्थानियों से आग्रह किया कि उन्हें आधुनिक राजस्थान के निर्माण की बात सोचनी चाहिए ताकि राजस्थान भी वक्त के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित कर पाटील ने समारोह का उद्घाटन किया।

उदयपुर की सांसद किरण माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थानी जहां भी जाते हैं, अपनी छाप छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि आपकी कर्मभूमि कोलकाता हो लेकिन आप या आपके पूर्वजों की जन्मभूमि राजस्थान है, इसलिए समय-समय पर राजस्थान आना-जाना करते रहें ताकि दोनों प्रदेशों का सामंजस्य बना रहे।

राज्यसभा के सदस्य रमाप्रसाद गोयनका ने इस मौके पर कहा कि सुबह गोष्ठी और शाम को डिनर का आयोजन कर लेने भर से राजस्थान दिवस सार्थक नहीं होगा। इसके लिए कुछ काम करने होंगे ताकि आयोजन का लोग वर्ष भर इंतजार करें। राजस्थानियों की वीरता, दान और क्षमादान की जितनी भी तारीफ की जाए, वह कम है लेकिन यह याद रखना चाहिए कि ये सब इतिहास है भविष्य का निर्माण उनकी स्तुतियों से नहीं हो सकता।




*राजस्थान फाउंडेशन की ओर से राजस्थान दिवस के मौके पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य पेश करती नृत्यांगना।* फोटो : जनसत्ता

समारोह के मुख्य वक्ता और भाजपा के उपाध्यक्ष डा. महेश शर्मा ने कहा कि आज यानी ३० मार्च को राजस्थान का जन्म बल्कि पूर्वजन्म हुआ था। ब्रिटिशकाल में यह राजपुताना नाम से जाना जाता था।

उन्होंने कहा कि राजस्थान को केवल भूमि का टुकड़ा कहना गलत होगा, यहां की धरती पर जन्मे लोगों ने देश की खातिर जो बलिदान दिया है, वह उदाहरण तुल्य है। इसके पहले फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों को पुष्पहार एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर वर्ष २००४ का अप्रवासी राजस्थानी प्रतिभा सम्मान कन्हैया लाल सेठिया को देने की घोषणा की गई।

समाजसेवा के लिए चंद्रकांत सराफ, राजकुमार शर्मा, दिनेश बजाज सहित कुछ अन्य लोगों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने किया। धन्यवाद दिया विधायक सत्यनारायण बजाज ने। इससे पहले जोधपुर और जैसलमेर से आए अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस सत्र का संचालन सटीक राजस्थानी भाषा में सच्चिदानंद पारीक ने किया।

जनसत्ता 31, मार्च, 2005

गुरुवार, ३१ मार्च, २००५ **अंतिम** DEC NO.76/2003 ४

# प्रवासी राजस्थानी मरुभूमि के विकास पर भी ध्यान दें : प्रतिभा



राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता की ओर से आयोजित राजस्थान दिवस के मौके पर मौजूद युवा उद्योगपति व समाजसेवी श्री संदीप भूतोड़िया, किरण माहेश्वरी, आरपी गोयनका, राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल व विधायक सत्यनारायण बजाज।

कोलकाता(संवाददाता): राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल ने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की कि वे राजस्थान के विकास पर भी ध्यान दें। श्रीमति पाटिल ने कहा कि देश के औद्योगिक व आर्थिक विकास में राजस्थानी नागरिक काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थानी समाज के लोगों में सेवा भावना है। यही कारण है कि इस समाज के लोग अन्य प्रांतों में जाकर भी खूब नाम कमा रहे हैं। राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के राजस्थान दिवस समारोह में आयोजित प्रवासी राजस्थानी नागरिकों को उन्होंने याद दिलाया कि कि वे अपने ऐतिहासिक धरोहर को सामने रखकर आधुनिक राजस्थान के निर्माण में ध्यान दें। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रमाप्रसाद गोयनका ने कहा कि राजस्थान के विकास के लिए एकजुट होने की जरूरत है। विचारक जुगलकिशोर जैथलिया ने राजस्थान के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि राजस्थान की कला व संस्कृति अपने आप में बेजोड़ है। उदयपुर की सांसद किरण माहेश्वरी ने राजस्थानियों से अपील की कि वे राजस्थान से संपर्क बनाये रखें। फाउंडेशन के अध्यक्ष हरि मोहन बांगड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संस्था के सचिव संदीप भूतोड़िया ने कहा कि अप्रवासी राजस्थानियों के साथ राजस्थान का सीधा संपर्क बनाए रखने के लिए इस फाउंडेशन की स्थापना की गयी है। श्री भूतोड़िया ने कहा कि राजस्थान के विकास पर ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बहुत से प्रवासी राजस्थानी इस दिशा में कार्य भी कर रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन विधायक सत्यनारायण बजाज ने किया। उन्होंने फाउंडेशन की ओर से श्री सीमेंट राजस्थानी पुरस्कार शुरू करने की घोषणा भी की। दैनिक नवयुवती के संपादक श्यामसुंदर आचार्य, सीके नायडू, डीएन मल्लिक, नंद भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा समाजसेवी दिनेश बजाज, चंद्रकांत सराफ, अरुण मल्लावत व अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जनमित्र टुडे, 31. मार्च. 2005

# महिलाओं की शिक्षा तथा स्वास्थ्य के लिये विशेष कार्यक्रम बनायें



राजस्थान फाउंडेशन की ओर से बुधवार को आयोजित राजस्थान दिवस समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करतीं राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल। साथ में हैं रमा प्रसाद गोयनका और संदीप भूतोड़िया

## राजस्थान दिवस पर राज्यपाल की अपील

कोलकाता, ३० मार्च (न.प्र.)। राजस्थान फाउंडेशन के कोलकाता चैप्टर के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान दिवस समारोह में बोलते हुए राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने आज कोलकाता में रह रहे राजस्थानी प्रवासी समुदाय से अपील की कि वे राजस्थान के दूरदराज के जिला और खासकर रेगिस्तानी जिलों में रहने वाली महिलाओं में शिक्षा तथा स्वास्थ्यजनित चेतना के विकास के लिये विशेष कार्यक्रम रूपायित करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान को आधुनिक बनाने के लिये महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है परन्तु राजस्थान में साक्षरता की दर राष्ट्रीय औसत दर से काफी कम है जिसे दूर किये जाने के लिये ठोस कार्यक्रम बनाये जाने की जरूरत है। उन्होंने वहां उपस्थित राजस्थानी प्रवासियों के समुदाय को सलाह दी कि यदि वे सिर्फ अपने अपने गृह जिले के लिये ऐसे कल्याणकारी कार्यक्रम बनाएं तो स्थिति बदलने में देर नहीं लगेगी। राजस्थानी समुदाय को उद्यमशीलता और समृद्धि का पर्याय बताते हुए उन्होंने कहा कि समुदाय के लोगों को उदारता और सेवा भावना को अपने अन्दर और भी बढ़ा कर पूरे समाज का पथ प्रदर्शक बनना है। राज्यपाल महोदया ने कहा कि स्थिति बदल रही है और आज राजस्थान में मुख्यमंत्री, राज्यपाल, तथा विधानसभा अध्यक्ष जैसे तीन महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर महिलाएं नियुक्त है जो एक सुखद स्थिति है। उन्होंने कहा कि यह बात ही अपने आपमें राजस्थानी समुदाय की उदारता का परिचायक है। समारोह में बोलते हुए वरिष्ठ उद्योगपति तथा राज्यसभा सांसद रमाप्रसाद गोयनका ने कहा कि राजस्थान दिवस का आयोजन ही सिर्फ काफी नहीं है बल्कि समाज को कुछ ऐसे ठोस कार्यक्रम बनाने होंगे जिनपर गर्व की अनुभूति हो।

इस अवसर पर राजस्थान भाजपा के उपाध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा तथा सांसद किरण माहेश्वरी ने भी अपने विचार रखे। समारोह के दौरान फाउन्डेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने फाउन्डेशन की तरफ से प्रतिवर्ष राजस्थानी प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार को प्रारम्भ किये जाने की घोषणा की। यह सम्मान चार वर्षों तक श्री सीमेन्ट के सौजन्य से प्रदान किये जाने की सहमति उद्योगपति तथा फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ की तरफ से दी गयी। भूतोड़िया ने वर्ष २००४ के लिये यह सम्मान विशिष्ट राजस्थानी साहित्यकार कन्हैयालाल सेठिया को प्रदान किये जाने की घोषणा की। इस अवसर पर कई संस्थाओं को सम्मानित किया गया तथा राजस्थान से आये लोक कलाकारों ने मोहक नृत्य तथा संगीत की झांकी प्रस्तुत की। इस बीच राजस्थानी प्रचारिणी सभा व राजस्थान सूचना केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान दिवस समारोह, राजस्थान सूचना केन्द्र में मनाया गया। इस मौके पर 'हिन्दी पत्रकारिता-राजस्थानी आयोजन की कृति मेका' शोध ग्रंथ लिखने वाले श्री कृष्ण बिहारी मिश्र को सम्मानित किया गया।

सन्मार्ग, 31. मार्च. 2005

51

# राजस्थान दिवस पर कोलकाता

## पधारो म्हारो देश गूंजा राजस्थान फाउंडेश



राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता की ओर से आयोजित राजस्थान दिवस के मौके पर मौजूद संदीप भूतोड़िया, किर
विधायक सत्यनारायण बजाज (ऊपर), विभिन्न तरह के कार्यक्रम पेश करते लोक क

सच्चिदानंद पारीक

कोलकाता, 30 मार्च : राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता द्वारा आयोजित राजस्थान दिवस समारोह में आज कोलकाता महानगर पूरी तरह से ठेठ राजस्थानी रंग में रंगा नजर आया. राजस्थान के गुलाबी शहर जयपुर व अन्य नगरों से आये विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों के अलावा कला नगरी जोधपुर व जैसलमेर से आये अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों के जमघट ने आयोजन को राजस्थानी कला संस्कृति के रंग से सराबोर किया. कार्यक्रम स्थल में मरुस्थली जहाज ऊंट लोगों के आकर्षण के मुख्य केंद्र रहे. ज्ञान मंच में आयोजित राजस्थान दिवस समारोह का उद्घाटन राजस्थान की राज्पाल प्रतिभा पाटिल ने किया. उन्होंने अप्रवासी राजस्थानियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान से उनका संबंध इस प्रदेश का राज्पाल बनने के पहले से ही है, क्योंकि उनके पति शेखावटी के ही मूल निवासी हैं. उन्होंने कहा कि सेवा का भाव कोई राजस्थानियों से सीखे, जिन्होंने व्यवसाय के साथ-साथ अपने सेवा कार्य के जरिए प्रत्येक क्षेत्र में अपनी पहचान बनायी है.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद रमाप्रसाद गोयनका ने कहा कि राजस्थान के विकास के लिए कृत संकल्पित होने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि राजस्थान अपनी दानवीरता और शूरवीरता के लिए प्रसिद्ध है इस पहचान को कायम रखने के लिए जागरूक रहना आवश्यक है. इस मौके पर मुख्यवक्ता भाजपा के उपाध्यक्ष महेश शर्मा ने राजस्थान के ऐतिहासिक महत्व को चिह्नित करते हुए कहा कि इस राज्य का स्थापना दिवस इसका जन्म नहीं, वरन इस प्रदेश का नवगठित गणतंत्र स्वरूप है. वरिष्ठ चिंतक जुगलकिशोर जैथलिया ने राजस्थान के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि राजस्थान महज भूमि का टुकड़ा नहीं वरन यह वीरता के भावों के सहित भक्ति का अथाह स्रोत है जिसकी कला संस्कृति अपने आप में बेजोड़ है. विशिष्ट अतिथि उदयपुर कि सांसद किरण माहेश्वरी ने राजस्थानीयों से अपने जनक भूमि राजस्थान से नाता बनाये रखने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि वर्ष में एक बार ही सही

प्रभात खबर, 31, मार्च, 2005

## गुवाहाटी व बेंगलूर के

कोलकाता : गरमियों में यात्रियों की भारी
अप्रैल से 15 जून तक गुवाहाटी व बेंगलूर के
स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है. पूर्व रे
के अनुसार प्रत्येक रविवार को (10 अप्रैल
ट्रेन गुवाहाटी से रात 11.15 बजे रवाना हो
पहुंचेगी और बेंगलूर के लिए रात 11.20
रामपुरहाट में रुकेगी. अप स्पेशल ट्रेन (201
(13 अप्रैल से 15 जून तक) रवाना होकर शु
पहुंचेगी और अगले दिन गुवाहाटी अपराह्न
17 कोच होंगे, जिनमें एसी टू-टीयर, 11
क्लास, दो द्वितीय क्लास मालवाहन सहित


**MATRIMONIAL**

क्रिश्चियन बैपटिस्ट 31/5'3" एम.ए. कन्या हेतु सरकारी / अर्द्धसरकारी नौकरी पेशा वर चाहिए. संपर्क करें:- 06585-275215.
C-960(RNC)

Well Reputed Double MA.BL. HMB Doctor Requires Life-Partner, Well Educated. Issueless Ladies of Respectable Family, Leading Lonely Life. Contact-Direct 0651-2282592.
C-37078(RNC)

श्रीवास्तव आशिक मंगली, 28/5' गोरी, एकाउंट ऑनर्स, DWT, गृहकार्य में दक्ष हेतु वर चाहिए. संपर्क करें - 0657-2440335.
C-968(RNC)

भारत संचार
(भारत सरकार का ए
बीएसएनएल इलेक्ट्रिकल डि
निविदा सूच
सं. टीइडी/एसआइएल/एनआइटी/272
दि
कार्यपालक अभियंता (इ), बीएसएनएल, इ
की तरफ से कार्यपालक अभियंता (इ) बीएस
सदरघाट रोड, सिलचर द्वारा टेंड/सिल/नि
अन्तर्गत एसआइटीसी (6+1) × 7 टीआर
एमएससी एवं लेवेल-1 टैक्स बिल्डिंग दिन
आमंत्रित करते हैं. आवेदन ग्रहण निविदा दस्त
तारीख निम्नानुसार बढ़ायी गयी है.
(क) आवेदन ग्रहण की अन्तिम तारीख
(ख) निविदा दस्तावेज जारी की अन्तिम तारीख



# MEET JOE CAMEL

The Kolkata chapter of the Rajasthan Foundation organised a jamboree on Wednesday to mark Rajasthan Day in the city. The two camels brought brought from Pushkar were the undisputed stars of the show. *HT* caught up with one of them on a cigarette break.

HINDUSTANTIMES, 31 , MARCH,2005

The Times of India, Kolkata
Thursday, March 31, 2005

**IN BRIEF**

TOI



A Rajasthani folk dance performance at Gyan Manch on Wednesday.

*TIMES OF INDIA, 31 , MARCH,2005*



কলকাতার রাজস্থান ফাউন্ডেশনের উদ্যোগে জ্ঞানমঞ্চে রাজস্থান দিবসের অনুষ্ঠানে সুসজ্জিত উট। বুধবার তোলা নিজস্ব চিত্র।

বর্তমান, 31 , মার্চ ,2005

56

31 मार्च, 2005 दैनिक जागरण जमशेदपुर

# राजस्थान की गरिमा बढ़ा रहे हैं प्रवासी राजस्थानी : प्रतिभा

जागरण संवाद, कोलकाता : राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल ने कहा कि आज देश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में प्रवासी राजस्थानी नागरिक अपनी अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थानी समाज की लगनशीलता, दृढ़ता एवं सेवा भावना के चलते समाज के अन्य वर्गों में जाकर भी प्रवासी राजस्थानियों ने अपनी एक अलग पहचान कायम की है। राजस्थान फाउन्डेशन के राजस्थान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रवासी राजस्थानी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने ऐतिहासिक धरोहर को सामने रखकर आधुनिक राजस्थान के निर्माण में अपनी अहम भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान में महिला शिक्षा का स्तर पुरुषों के मुकाबले आधे से भी कम है। जिस प्रकार पुरुषों को शिक्षा प्रदान करने के लिए मौके प्रदान किये जा रहे हैं ठीक उसी प्रकार महिलाओं को भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान करने होंगे। देश के विकास के लिए पुरुष शिक्षा के साथ-साथ समान अनुपात में महिला शिक्षा को भी बढ़ावा देना होगा। इसके लिए प्रवासी राजस्थानी नागरिकों को आगे आना चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजस्थान फाउन्डेशन कोलकाता ने राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन किया है। 30 मार्च 1949 को राजपूताना ने कई रियासतों को मिलाकर आधुनिक राजस्थान की स्थापना की गई थी। तब से हरेक वर्ष 30 मार्च को राजस्थान दिवस समारोह मनाया जाता है।




राजस्थान दिवस समारोह में नृत्य प्रस्तुत करती कलाकार जागरण

उदयपुर की सांसद किरण माहेश्वरी ने प्रवासी राजस्थानियों से अपने कर्मभूमि के विकास के साथ-साथ जन्म भूमि राजस्थान के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जन्म भूमि से जुड़े रहने से व्यक्ति को उसकी सार्थक पहचान मिलती है। इसके अलावा कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष डा. महेश शर्मा राज्यसभा सांसद एवं उद्योगपति रमा प्रसाद गोयनका सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजस्थान दिवस के अवसर पर दैनिक भास्कर के संपादक एम के सिंह, हिन्दुस्तान टाइम्स के मुख्य संपादक सीके नायडू, जयपुर दूरदर्शन प्रसार भारती के निदेशक नंद भारद्वाज, आल इण्डिया रेडियो के राजस्थान के प्रधान संपादक डीके मल्लिक, दैनिक नवज्योति के जयपुर के प्रमुख संपादक श्याम सुन्दर आचार्य तथा कोलकाता के प्रभात खबर के संपादक ओमप्रकाश अश्क को संस्था की ओर से राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा संस्था ने महानगर के कई ऐसी स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया जो यहां से राजस्थान के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में सामाजिक सेवा प्रदान कर रही है। राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के सौजन्य से अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 24 राजस्थानी कलाकारों की संस्था नेक मोहम्मद लंगा एण्ड पार्टी की ओर से राजस्थानी लोक नृत्य एवं संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

दैनिक जागरण, 31. मार्च 2005

# व्यवसाय के साथ सेवा करने में माहिर है राजस्थानी : प्रतिभा पाटिल

कोलकाता, 30 मार्च (समाचार)। राजस्थान के राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने आज कहा कि किसी को सेवा करना हो तो वे राजस्थानियों से सीखें। व्यवसाय के साथ सेवा कार्य करने में राजस्थानी माहिर होते हैं। राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता की ओर से आयोजित राजस्थान स्थापना दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि मेरे पति भी राजस्थान (शेखावटी) के हैं। राज्यपाल बनने से पहले भी मेरा राजस्थान से संपर्क रहा है। श्रीमती पाटिल ने कहा कि राजस्थान में प्राकृतिक सौंदर्य के अलावा सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राजस्थानी जहां भी जाते हैं व्यवसाय के साथ सेवा कार्यों में जुट जाते हैं। राजस्थानियों ने विदेशों में भी भारत का नाम रोशन किया है। हमें इस समाज पर गर्व है।

समारोह के मुख्य अतिथि सांसद रमा प्रसाद गोयनका ने कहा कि सिर्फ समारोह एवं डीनर से राजस्थान का विकास नहीं होगा। हमलोगों को राजस्थान के विकास के लिए संकल्प लेना चाहिए। राजस्थानियों को दानवीरों के रूप में अभी भी जाना जाता है।




*राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता की ओर से आयोजित राजस्थान दिवस समारोह में राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल, सांसद रमा प्रसाद गोयनका, सांसद श्रीमती किरण माहेश्वरी, डा. महेश शर्मा, हरिमोहन बांगड़ एवं विधायक सत्यनारायण बजाज।*

विशिष्ट अतिथि सांसद श्रीमती किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी जहां भी रहे राजस्थान जरूर आयें। जहां से आपके पूर्वज आते हैं उससे अपना संबंध बनाये रखें। कोलकाता आपकी कर्म भूमि है।

समारोह के मुख्य वक्ता डा. महेश शर्मा ने कहा कि आज के दिन राजस्थान का पुनर्जन्म हुआ था। राजस्थान में 21 से 30 मार्च तक समारोह का आयोजन किया गया है। कोलकाता में प्रवासी राजस्थानियों ने राजस्थान दिवस का आयोजन किया है। इसके लिए आयोजक धन्यवाद के पात्र है। राजस्थान भारतीय संस्कृति के उत्थान की गाथा है।

अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सचिव संदीप भुतोड़िया ने कहा कि अप्रवासी राजस्थानियों का राजस्थान से लगाव बना रहे इसके लिए राजस्थान फाउंडेशन का गठन किया गया। अब तक विश्व में इसकी आठ शाखाएं हैं। उन्होंने प्रति वर्ष श्रेष्ठ प्रवासी राजस्थानी पुरस्कार देने की घोषणा की। इस वर्ष का पुरस्कार सुप्रसिद्ध कवि कन्हैयालाल सेठिया को दिया गया है। पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपए नगद देने का प्रावधान है। इस मौके पर राजस्थान से पधारे वरिष्ठ पत्रकार एन. के. सिंह, सी. के. नायडू, नंद भारद्वाज, डी. के. मल्लिक, श्याम आचार्य के अलावा कोलकाता की कई सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए राजकुमार शर्मा, राजेश बिहानी, गौतम मोदी, बजरंग शर्मा, चंद्रकांत सराफ, दिनेश बजाज, बिमल भुतोड़िया को मोमेन्टो एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक सत्यनारायण बजाज ने धन्यवाद दिया, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद पारिख ने किया।

छपते छपते, 31, मार्च, 2005




*राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता की ओर से आयोजित राजस्थान दिवस समारोह में जोधपुर एवं जैसलमेर के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए। -फोटो : छपते छपते*

# कन्हैयालाल सेठिया को राजस्थान फाउंडेशन का पुरस्कार भेंट

संवाददाता

कोलकाता, 31 मार्च। राजस्थानी भाषा के जनक कवि श्री कन्हैया लाल सेठिया को राजस्थान फाउंडेशन कलकत्ता द्वारा शुरू किये गये प्रथम पुरस्कार राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल द्वारा आज उनके निवास स्थान पर दिया गया। पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपये स्मृति चिह्न एवं शाल ओढ़ाकर राज्यपाल महोदय ने श्री सेठिया का अभिनंदन किया। अस्वस्थ होने के कारण उनके सुपुत्र श्री जयप्रकाश सेठिया ने अपने पिताश्री की साहित्यिक उपलब्धियों के बारे में राज्यपाल से चर्चा की।

श्री सेठिया ने एक लाख रुपया राजस्थान फाउंडेशन कलकत्ता को राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने की कोशिशों को [illegible] करते हेतु लौटा दिया। इस मौके पर राजस्थान फाउंडेशन कलकत्ता के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, सचिव श्री संदीप भुतोड़िया भी उपस्थित थे।



*साहित्य मनीषी श्री कन्हैयालाल सेठिया का उनके निवास स्थान पर अभिनंदन करती राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा ताई पाटिल। साथ में राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री मोहन बांगड़ व सचिव श्री संदीप भुतोड़िया।* फोटो : छपते छपते

छपते छपते, 1, अप्रैल 2005

## कन्हैया लाल सेठिया सम्मानित

कोलकाता। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाज के बुजुर्ग कन्हैया लाल सेठिया को राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता की ओर से शुरू किये गये प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल ने उनके निवास पर जाकर उन्हें सम्मानित किया। श्रीमती पाटिल ने सेठिया के साहित्यिक एवं सामाजिक सेवाओं के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की।

*सन्मार्ग, 1 , अप्रैल 2005*

# कवि सेठिया के घर पहुंचीं राजस्थान की राज्यपाल

कोलकाता, 31 मार्च : राजस्थानी भाषा के कवि व गीतकार कन्हैयालाल सेठिया के आवास पर आज सुबह पहुंचीं राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटिल. उन्होंने श्री सेठिया को राजस्थान फाउंडेशन की ओर से राजस्थानी भाषा में उनकी उल्लेखनीय साहित्यिक सेवा के लिए 2004 श्री सीमेंट राजस्थानी पुरस्कार से सम्मानित किया. श्रीमती पाटिल ने कवि सेठिया को जनधारा से जुड़ा हुआ विशिष्ट साहित्य मनीषी कहा. उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्रदान करने श्री सेठिया के घर आना तो एक बहाना मात्र है. दरअसल उन्हें तो श्री सेठिया जैसे साहित्य सेवी के दर्शन की अभिलाषा यहां खींच ले आयी. इस अवसर पर श्री सेठिया ने पुरस्कार की एक लाख रुपये की राशि पुनः फाउंडेशन को राजस्थानी भाषा के विकास के मद में लगाने के लिए दे डाली. उन्होंने अपने चिर परिचित ठेठ राजस्थानी अंदाज में राज्यपाल से राजस्थानी भाषा को आठवीं सूची में मान्यता दिलाने की बात कही. उनके कथन का अनुमोदन करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ व सचिव संदीप भुतोड़िया ने श्रीमती पाटिल से कहा कि 'धरती धोरां री...' जैसे उत्कृष्ट गीत लिखनेवाले कवि सेठिया की राजस्थानी भाषा में लिखी पुस्तकों को पढ़ने के बाद राजस्थानी भाषा की व्यापकता व समृद्धता का एहसास स्वतः हो जाता है. श्रीमती पाटिल ने कवि सेठिया की रचनाओं का संग्रह उन्हें भेजने का अनुरोध फाउंडेशन से किया. सादगीपूर्ण इस सम्मान समारोह में दीपचंद नाहटा, राजकुमार शर्मा, गौतम डागा, राजेश बिहानी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

प्रभात खबर, 1, अप्रैल 2005

प्रभात खबर, 1 , अप्रैल 2005

Subrata Kotal

# Desert storm



Sharbari Dutta



Wanna Perngmark

Rajasthan day was observed with much fanfare in Kolkata recently with social activist **Sundeep Bhutoria** playing host and the Governor of Rajasthan **Pratibha Patil**, the chief guest. A veritable who's who of the city braved the rain to attend the do. They included **Sarbari Dutta, Rupa Ganguly** and **Prabha Khaitan** from the creative world. Politicians included **Hasim A Halim, Probodh Sinha, Biman Bose, Saugata Roy, Rabin Deb** and **Tathagata Roy.** Industrialists **Sanjay Budhia, JK Saraff, RS Lodha** and **Suresh Neotia,** the Thai consul general **Wanna Perngmark** donned a Rajasthani *pagri*. Fittingly, the party had a perfect desert ambience complete with camels. In fact, **Susan Sultz**, director of the American Centre, was brave enough to hitch a hike on one!



Pratibha Patil and Sundeep Bhutoria



JK Saraff



Dinesh Bajpai



Biman Bose and Sougata Roy



Nandita Pal Chowdhury, Sanjay Budhia and Rupa Ganguly

CALCUTTA TIMES, 1, APRIL 2005



*राजस्थान फाउंडेशन द्वारा घोषित प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल से ग्रहण करते हुए मनीषी श्री कन्हैया लाल सेठिया। पास ही चित्र में सहयोग कर रहे हैं श्री सीमेंट के संचालक व फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, सचिव श्री संदीप भूतोड़िया एवम् श्री सेठिया के पुत्र जयप्रकाश सेठिया।* - फोटो : विश्वमित्र

# राजस्थान फाउंडेशन का पुरस्कार कन्हैया लाल सेठिया को

कोलकाता, ३१ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चेप्टर द्वारा प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार की जो घोषणा की गई थी उसके तहत वर्ष २००४ के लिए श्री कन्हैया लाल सेठिया को चुना गया है। इस पुरस्कार की राशि में १ लाख रुपये, प्रशस्तिपत्र तथा मोमेंटो शामिल है। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा गत दिवस आयोजित कार्यक्रम में श्री सेठिया नहीं जा पाए थे अत: आज उनके निवास स्थान में जाकर राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने जाकर पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष व श्री सीमेंट के संचालक श्री हरिमोहन बांगड़, सचिव श्री संदीप भूतोड़िया भी राज्यपाल के साथ थे। श्रीमती पाटिल ने कहा कि आप जैसे मनीषी का दर्शन कर हमें कुछ सीखने का मौका मिला। इसके लिए फाउंडेशन बधाई का पात्र है। श्री सेठिया ने राज्यपाल से राजस्थानी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिलाने में सहयोग का अनुरोध जिस पर श्रीमती पाटिल ने फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया को संबंधित कागजात उपलब्ध कराने का भार सौंपा।

श्री सेठिया ने पुरस्कार राशि ग्रहण करने के बाद उक्त राशि फाउंडेशन को विकास कार्यों में खर्च करने के लिए वापस लौटा दी। उल्लेखनीय है कि अगले पांच साल तक श्री सीमेंट की ओर से उक्त पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर श्री राजकुमार शर्मा, श्री गौतम मोदी सहित अनेक विशिष्ट जन उपस्थित थे।

*दैनिक विश्वमित्र, 1, अप्रैल 2005*

# राजस्थानी प्रवासियों का आह्वान

पिछले दिनों राजस्थान की मुख्य मंत्री वसुधंरा राजे सिंधिया ने कलकत्ते के कुछ युवा उद्यमियों के निमंत्रण पर राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में भाग लिया। इस गोष्ठी में श्री हर्ष नबेटिया, श्री राधेश्याम जी अग्रवाल, श्री विश्वम्भर दयाल सुरेका, श्री प्रहलाद राय अग्रवाल, श्री महेन्द्र जालान, श्री गोविन्द शारडा, डिप्टी मेयर श्रीमती मीना पुरोहित, श्रीमती शशिप्रभा जालान, प्रभा खेतान आदि विशिष्ट व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री से विचार विमर्श किया।

वसुधंरा राजे सिंधिया ने भारत के इस क्षेत्र में राजस्थानी उद्यमियो द्वारा लगाए गए नाना प्रकार के उद्योग के बारे में जानकारी प्राप्त की और इस क्षेत्र की सफलता में उनके योगदान की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री विजय राजे सिंधिया ने प्रवासी राजस्थानी उद्योग पतियों का आह्वान किया कि वे इसी प्रकार अपने उद्योग राजस्थान प्रान्त में भी लगाए। सरकार हर प्रकार का सहयोग देने को तैयार है राजस्थान प्रान्त का दिल्ली एवं बम्बई से सम्पर्क मार्ग है। अतएव उद्योग को लाभ ही होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि श्री संदीप भूतोड़िया काफी उत्साहित है एवं आप सब मिलकर एक समन्वय समिति का गठन कर, राजस्थान सरकार से सीधे सम्पर्क करें। सरकार आपकी समनव्य समिति के साथ मिलकर संयुक्त रूप से उद्योग स्थापना को सहज और सरल बना देगी।

आप सबने अपने प्रदेश से बाहर आकर विभिन्न क्षेत्रों में अपने कीर्तिमान बढ़ाए है एवं पूरे देश मे राजस्थानियों को सम्मान दिलाया है, आपका अपने प्रदेश के प्रति भी कुछ कर्तव्य है, आप आगे बढ़ें राजस्थान सरकार आपको भरपूर सहयोग देगी।

संवाद सूत्र ,2, अप्रेल , 2005

64



(Clockwise from top left) Models showcase Friday fashion at Sourav's; actresses Deboleena Dutt and Sudipta Chakraborty dig into the Kenilworth spread; actress Rupa Ganguly accompanied by her husband shares a moment with designer Sharbari Datta at Rajasthan's anniversary celebrations. Pictures by Rashbehari Das

Mohar and Smita's net saris, the mix was eclectic.

Despite Friday being Holi, the turnout was quite encouraging.

## Desert day

The Rajasthan Foundation celebrated the state's anniversary — March 30 — at Gyan Manch by felicitating people who have contributed towards its betterment.

Rajasthan Foundation is an autonomous body constituted in 2000 working "for the upliftment of the state".

The after-party was an attempt to display the culture and ethnicity of the state. The venue resembled a typical Rajasthani village, with sentries clad in traditional gear. Some people sat around smoking *hookah* and others helped guests tie *safas* (traditional Rajasthani headgear).

Then there were girls clad in colourful *lehnga-cholis* taking out water from a makeshift well. *Mehndiwali*s and folk musicians completed the picture.

But no fair can be a complete without sparing a thought for the stomach. The spread, of course, was typically Rajasthani. Gwarbha ki Sabji, Bati and Ker-sangri were just a few of the lip-smacking dishes.


Though the fare was strictly vegetarian, a meaty guest list more than made up for it. R.S. Lodha, Harsh Lodha, Suresh Neotia, Rupa Ganguly, Renu Roy and Biman Bose were a few among the invitees who made it to the venue despite the drizzle that evening.

Soc

REGIS

THE TELEGRAPH 2 APRIL 2005

65



राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता द्वारा राजस्थान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर लिए गए चित्र में मंच पर फाउंडेशन के मानद सचिव श्री संदीप भूतोड़िया, सांसद किरण माहेश्वरी, सांसद व उद्योगपति श्री रमाप्रसाद गोयनका, राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल, फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ व विधायक श्री सत्यनारायण बजाज। पास ही राजस्थान की लोक कला को प्रस्तुत करती हुई नृत्यांगना परिलक्षित है। – विश्वमित्र चित्र

दैनिक विश्वमित्र, 6, अप्रैल, 2005

66



समाजसेवी कन्हैयालाल सेठिया का अभिनंदन करतीं राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटील।

# कन्हैयालाल सेठिया का अभिनंदन

**कोलकाता, 8 अप्रेल।** स्वतंत्रता सेनानी व समाजसेवी कन्हैयालाल सेठिया का राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता ने उनकी सामाजिक व साहित्यिक सेवाओं के लिए अभिनंदन किया है। राजस्थान की राज्यपाल प्रतिभा पाटील ने पिछले दिनों सेठिया का उनके निवास पर अभिनंदन किया।

पुरस्कार में एक लाख रुपए, स्मृतिचिह्न भेंट कर एवं शॉल ओढ़ा कर राज्यपाल ने सेठिया को सम्मानित किया। सेठिया के अस्वस्थ होने के कारण उनके पुत्र जयप्रकाश सेठिया ने अपने पिता द्वारा की गई सेवाओं के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। सेठिया ने राजस्थानी भाषा को आठवीं सूची में सम्मिलित करने के लिए राज्यपाल से सहयोग की अपील की। उन्होंने सेठिया को आश्वासन दिया कि वे समुचित कार्यवाही करेंगी।

सेठिया ने धन राशि राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता को राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने की कोशिशों को और तेज करने के लिए लौटा दी। अमरीकी कांग्रेस ऑफ लाइब्रेरीज ने सेठिया को 2000 सदी के महानतम लेखकों में स्थान दिया है।

इस अवसर पर राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ सचिव संदीप भूतोड़िया एवं विशिष्ट नागरिक उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका 9, अप्रेल 2005

67




राजस्थान फाउण्डेशन कोलकता की शासी परिषद की बैठक में भाग लेती राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे।

# प्रवासी राजस्थानियों से सहयोग मांगा मुख्यमंत्री ने

कोलकता, 25 अप्रेल। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राजस्थान में चिकित्सा, शिक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार व विरासत संरक्षण की दिशा में सरकारी प्रयासों में सहयोग के लिए आगे आएं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को कोलकता में राजस्थान फाउण्डेशन की शासी परिषद को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उनका कहना था कि प्रवासी राजस्थानी अस्पताल को गोद लेकर अपने प्रियजन की स्मृति में उसका नामकरण कर सकते हैं। राजस्थान में पानी की कमी की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल प्रबंधन में भागीदारी के लिए गैरसरकारी संगठनों को प्रोत्साहित कर रही है। सिंचाई परियोजनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से आग्रह किया कि वे डिग्गियों के निर्माण व बेहतर सिंचाई प्रणाली विकसित करने के लिए सरकार का सहयोग करें। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की 'एडोप्ट ए मोन्यूमेंट' योजना की जानकारी दी और कहा कि प्रवासी राजस्थानी विरासत संरक्षण एवं राज्य में पर्यटन बढ़ाने के प्रयासों में सहयोग कर सकते हैं। कोलकता अनेक प्रमुख राजस्थानी व्यावसायिक घरानों का गृह है, ऐसे में प्रदेश के विकास के लिए उन्हें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

राजस्थान पत्रिका 22, अप्रेल, 2005

# राजस्थान में निवेश के लिये सिंधिया का आह्वान

जागरण ब्यूरो, कोलकाता

राजस्थान सरकार ने एक बार फिर प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया है कि वे अपने गृह प्रदेश में बढ़-चढ़कर निवेश करें। राजस्थान फाउंडेशन के कार्यक्रम में महानगर आयीं मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास में

## ■ प्रवासी राजस्थानियों को दिया न्योता

सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण की अन्य योजनाओं के लिये भी उद्योगपतियों को आमंत्रित करते हुये कहा कि वहां इसके लिये अनुकूल माहौल है। कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में श्रीमती सिंधिया ने कहा कि सेंट्रल सेल्स टैक्स से ही तो समस्या का समाधान हो सकता है। एक तरह की कर व्यवस्था होनी चाहिये। इसी वजह से कई राज्यों ने वैट लागू नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी राजस्थान दिवस कार्यक्रम में शामिल होने आयीं श्रीमती सिंधिया ने प्रवासी राजस्थानियों से राज्य में निवेश करने की बात कही थी। सोमवार को उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में स्कूलों व अस्पतालों का अभाव है। सरकार सीमित संसाधनों के बल पर विकास कार्य कर रही है लेकिन इस क्षेत्र में भी निजी निवेश की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को व्यापक आयाम देना होगा। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी अपने गृह प्रदेश में निवेश करें। सरकार उनको भरपूर सहयोग करेगी। उन्होंने विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत की और कई योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस बारे में विस्तार से चर्चा के लिये वे दुबारा महानगर पहुंची हैं। सिंधिया ने कहा कि देश के कई राज्यों ने वैट लागू नहीं किया है। उनका मानना है कि सीएसटी जैसी एक तरह की कर व्यवस्था लागू होनी चाहिये। इस कार्यक्रम में राजस्थान फाउंडेशन संदीप भूतोड़िया, एचएम बांगड़, एचपी कानोड़िया, संजय बुधिया, राधेश्याम अग्रवाल, रतन शाह समेत बड़ी संख्या में उद्योगपति व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



■ संवाददाताओं से रूबरू राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे — जागरण

दैनिक जागरण

जमशेदपुर, 26 अप्रैल, 2005

# प्रवासी राजस्थानियों से अस्पतालों को गोद लेने का आव्हान किया मुख्यमंत्री ने

जयपुर। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राजस्थान के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक आधारभूत ढांचा तथा विरासत संपदा के संरक्षण आदि क्षेत्रों में योगदान के लिए आगे आएं। श्रीमती राजे सोमवार को कोलकाता में राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता को शासी परिषद को संबोधित कर रही थीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक बनाने के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की संयुक्त भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि प्रवासी राजस्थानी इसके लिए अस्पताल को गोद लेकर, इसका अपने प्रियजन की स्मृति में नामकरण कर तथा उसकी संचालन लागत वहन करने का दायित्व ले सकते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में प्रवासीजन को आमंत्रित करते हुए श्रीमती राजे ने कहा कि वे विद्यमान विद्यालय का नवीनीकरण कर उसकी संचालन लागत को वहन करने का दायित्व निभा सकते हैं। राज्य में बच्चों को कुपोषण से बचाने के प्रयासों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य सरकार संचालित मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) का उद्देश्य बच्चों को अच्छा भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने राज्य में तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना की आवश्यकता प्रतिपादित की। राजस्थान में लगातार सूखे तथा पानी की कमी की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार गैर सरकारी संगठनों को जल प्रबंधन के लिए भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।



*मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने सोमवार को कोलकाता में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित कर उन्हें राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया।*

राजस्थान में सड़कों के समुचित विकास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ समस्त आधारभूत सुविधाओं में सुधार किया गया है। प्रदेश में विद्युत उत्पादन में भी सुधार आया है तथा हमें अब बड़े विद्युत संयंत्रों के स्थान पर छोटे संयंत्रों की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण पर चर्चा करते हुए प्रवासीजन को राज्य सरकार द्वारा संचालित एडोप्ट ए मोन्यूमेंट स्कीम से अवगत कराया तथा कहा कि प्रवासी राजस्थानी इस स्कीम में रुचि लेकर विरासत संरक्षण एवं राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने में सहयोग करें तथा राजस्थान के साथ अपने संबंधों को और सुदृढ़ बनाएं।

दैनिक राष्ट्रदूत 26, अप्रैल, 2005

# प्रवासी राजस्थानी विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं



सम्बोधन : मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सोमवार को कोलकाता में राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए। (फोटो:नवेर)

जयपुर, 25 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राजस्थान के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृ भूमि में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक आधारभूत ढांचा तथा विरासत सम्पदा के संरक्षण आदि क्षेत्रों में योगदान के लिए आगे आएं। श्रीमती राजे सोमवार को कोलकाता में राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता की शाखा परिषद को संबोधित कर रही थीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक बनाने के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की संयुक्त भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि प्रवासी राजस्थानी इसके लिए अस्पताल को गोद लेकर, इसका अपने प्रियजन की स्मृति में नामकरण कर तथा उसकी संचालन लागत वहन करने का दायित्व ले सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में प्रवासीजन को आमंत्रित करते हुए श्रीमती राजे ने कहा कि वे विद्यमान विद्यालय का नवीनीकरण कर उसकी संचालन लागत को वहन करने का दायित्व निभा सकते हैं। राजस्थान में लगातार सूखे तथा पानी की कमी की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार गैर-सरकारी संगठनों को जल प्रबंधन के लिए भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

दैनिक नवज्योति 26, अप्रेल , 2005

# प्रवासियों से राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी की अपील

## राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता की शासी परिषद में वसुन्धरा का सम्बोधन

**कार्यालय संवाददाता**
जयपुर, 25 अप्रैल।

मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाए। अपनी मातृभूमि में चिकित्सा और स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक आधारभूत ढांचा तथा विरासत सम्पदा के संरक्षण आदि क्षेत्रों में योगदान के लिए आगे आएं।

श्रीमती राजे सोमवार को कोलकाता में राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता की शासी परिषद को संबोधित कर रही थी। उन्होंने प्रदेश में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक बनाने के लिए सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की संयुक्त भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि प्रवासी राजस्थानी इसके लिए अस्पताल को गोद लेकर अपने प्रियजन की स्मृति में नामकरण कर तथा उसकी संचालन लागत वहन करने का दायित्व ले सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में प्रवासियों को आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा कि वे विद्यमान विद्यालय का नवीनीकरण कर उसकी संचालन लागत को वहन करने का दायित्व निभा सकते है। राज्य में बच्चों को कुपोषण से बचाने के प्रयासों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से संचालित 'मिड डे मील' का उद्देश्य बच्चों को अच्छा भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने राज्य में तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना की आवश्यकता जताई। राज्य में लगातार सूखे तथा पानी की कमी की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार गैर सरकारी संगठनों को जल प्रबंधन में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने मोरारका फाउण्डेशन की ओर से चूरु जिले में जल के उचित उपयोग की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सूखे से मुकाबले के लिए राज्य सरकार सिंचाई परियोजनाओं पर भारी खर्च कर रही है। उन्होंने कोलकाता के प्रवासियों से अपील की है कि वे डिग्गियों के निर्माण तथा बेहतर सिंचाई प्रणाली के उपयोग के लिए राज्य सरकार को सहयोग करें। उन्होंने पानी में फ्लोराइड की उच्च मात्रा की समस्या पर भी विचार विमर्श किया। प्रदेश में सड़कों के समुचित विकास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ समस्त आधारभूत सुविधाओं में सुधार किया गया है। प्रदेश में विद्युत उत्पादन में भी सुधार आया है तथा हमें अब बड़े विद्युत संयत्रों के स्थान पर छोटे संयत्रों की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण पर चर्चा करते हुए सरकार की ओर से संचालित 'एडॉप्ट ए मोन्यूमेंट' स्कीम से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी इस योजना में रुचि लेकर विरासत संरक्षण और राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने में सहयोग करें तथा राज्य के साथ अपने संबंधों को और सुदृढ़ बनाएं।



कोलकाता में राजस्थान फाउंडेशन की शासी परिषद को सम्बोधित करती मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे।

महका भारत 26, अप्रेल, 2005

# प्रवासी राजस्थानी राज्य के विकास में भागीदारी निभायें : वसुन्धरा

जयपुर, 25 अप्रैल (का.सं)। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे ने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राजस्थान के विकास में सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होने कहा कि प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक आधारभूत ढांचा तथा विरासत सम्पदा के संरक्षण आदि क्षेत्रों में योगदान के लिए आगे आएं।



श्रीमती राजे सोमवार को कोलकाता में राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता की शासी परिषद को संबोधित कर रही थीं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक बनाने के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की संयुक्त भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि प्रवासी राजस्थानी इसके लिए अस्पताल को गोद लेकर इसका अपने प्रिय जन की स्मृति में नामकरण कर तथा इसकी संचालन लागत वहन करने का दायित्व ले सकते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में प्रवासीजन को आमंत्रित करते हुए श्रीमती राजे ने कहा कि वे विद्यमान विद्यालय का नवीनीकरण कर उसकी संचालन लागत को वाहन करने का दायित्व निभा सकते हैं।

राज्य में बच्चों को कुपोषण से बचाने के प्रयासों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मध्यान्ह भोजन मिड डे मील का उद्देश्य बच्चों को अच्छा भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने राज्य में तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना की आवश्यकता प्रतिपादित की। राजस्थान में लगातार सूखे तथा पानी की कमी की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार गैर सरकारी संगठनों को जल प्रबंधन के लिए भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने मोरारका फाउण्डेशन द्वारा चूरू जिले में जल के उचित उपयोग की दिशा में किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।

प्रात: काल 26. अप्रेल , 2005



मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कोलकाता में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए।

# प्रवासी राजस्थानी विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं

जयपुर 25 अप्रैल कासं। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राजस्थान के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिक्षा सामाजिक आधारभूत ढांचा तथा विरासत सम्पदा के संरक्षण आदि क्षेत्रों में योगदान के लिए आगे आए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आज श्रीमती राजे कोलकाता में राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता की शासी परिषद को संबोधित कर रही थी। उन्होंने प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक बनाने के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की संयुक्त भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि प्रवासी राजस्थानी इसके लिए अस्पताल को गोद लेकर अपने प्रिय जन की स्मृति में नामकरण कर तथा उसकी संचालन लागत वहन करने का दायित्व ले सकते है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रवासीजन को आमंत्रित करते हुए श्रीमती राजे ने कहा कि वे विद्यमान विद्यालय का नवीनीकरण कर उसकी संचालन लागत को वहन

( शेष पृष्ठ 8 कॉलम 4 पर )

**प्रवासी राजस्थानी...... पेज 1 से जारी**

करने का दायित्व निभा सकते है। राज्य में बच्चों को कुपोषण से बचाने के प्रयासों की चर्चा करते हुए उन्होने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित माध्यान्ह भोजन..मिडडेमील.. का उद्देश्य बच्चों को अच्छा भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने राज्य में तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना की आवश्यकता प्रतिपादित की। राजस्थान में लगातार सूखे तथा पानी की कमी की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार गैर सरकारी संगठनों को जल प्रबंधन के लिए भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने मोरारका फाउण्डेशन द्वारा चूरु जिले में जल के उचित उपयोग की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।

समाचार जगत 26, अप्रैल, 2005




मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोमवार को कोलकाता में राजस्थान फाउंडेशन की शासी परिषद की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कोलकाता प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई तथा तकनीकी शिक्षण में राज्य का सहयोग करें।

दैनिक भास्कर 26, अप्रेल , 2005




राजस्थान फाउंडेशन के कार्यक्रम में राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, संदीप भूतोड़िया व हरिमोहन बांगड़.

# प्रवासी राजस्थानियों से राजस्थान में निवेश का आमंत्रण

## 2006 में प्रवासी भारतीय सम्मेलन करने का केंद्र का प्रस्ताव : वसुंधरा

**कोलकाता, 25 अप्रैल :** राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रवासी राजस्थानियों को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आमंत्रण दिया है. राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती राजे ने प्रमुख उद्योगपतियों के साथ विचार-विमर्श के दौरान यह आमंत्रण दिया. उन्होंने कहा कि एक खुशखबरी है कि केंद्र सरकार ने 2006 का भारतीय प्रवासी सम्मेलन राजस्थान में आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है. राजस्थान सरकार इस प्रस्ताव पर विचार कर रही है. राजस्थान फाउंडेशन द्वारा राजस्थान स्थापना दिवस मनाने की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन अन्य राज्यों में भी करने की जरूरत है. बेंगलूर में मिड डे मील के क्षेत्र में अक्षयपात्रा के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने भी प्रत्येक दिन हॉट मिड डे मील देने का लक्ष्य रखा है.

### सीएसटी नहीं हटने पर राजस्थान में वैट नहीं

**कोलकाता :** राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा है कि सीएसटी नहीं हटने पर वैट लागू नहीं किया जा सकता है. श्रीमती राजे ने आज राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से उक्त बातें कहीं. उन्होंने कहा कि केवल राजस्थान नहीं, वरन अन्य कई राज्य वैट लागू नहीं कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि 20 राज्यों ने वैट लागू कर दिया है. बंगाल सहित उक्त राज्यों में थोक व्यवसायी हड़ताल पर हैं. उन्होंने कहा कि व्यवसायियों को समान प्रतियोगिता का स्थान मिलना चाहिए, लेकिन सीएसटी लागू होने पर यह नहीं मिल पायेगा. यह पूछे जाने पर कि पूर्व में राजग सरकार व भाजपा शासित राज्यों ने वैट लागू करने पर सहमति जतायी थी, उन्होंने कहा कि वैट कर लागू होने पर सीएसटी लागू होना तर्कसंगत नहीं है. उन्होंने कहा कि जसवंत सिंह के वित्त मंत्री रहते वैट में सीएसटी प्रथम वर्ष में दो फीसदी करने व बाद में शून्य करने का प्रावधान था, लेकिन वर्तमान में पहले वर्ष चार फीसदी, फिर दो फीसदी व उसके बाद शून्य फीसदी करने का प्रावधान रखा गया है.

श्रीमती राजे ने कहा कि राजस्थान में 80 हजार स्वंयसेवी संगठन हैं. इस वर्ष तक एक लाख हो जाने की संभावना है. उन्होंने कहा कि सरकार गैर योजनागत खर्च नहीं बढ़ा सकती है. इस क्षेत्र में उद्योगपति गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से कार्य कर सकते हैं. सरकार भी सहायता देगी.

उन्होंने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार निजी व सार्वजनिक क्षेत्र को शामिल करना चाहती है. इन क्षेत्रों में निवेश करनेवालों को सरकार एसेट दे देगी, लेकिन संचालन व व्यवस्था निवेश करनेवालों को ही करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि सरकार केवल जयपुर नहीं, वरन सभी जिलों में विकास की इच्छुक है. वृद्धाश्रम, स्कूल, स्कॉलरशिप, जैव तकनीकी व पेयजल के क्षेत्र में प्रवासी राजस्थानी योगदान कर सकते हैं. राजस्थान की मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में पेयजल की समस्या है. एक फीसदी ही केवल पानी है. पानी में फ्लोराइड है. कंट्रैक्ट फार्मिंग पर विचार चल रहा है. उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में नागरिक भागीदारी बढ़ाने की योजना है. जैव तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र ही ऑथिरिटी की स्थापना की जायेगी. श्रीमती सिंधिया ने कहा कि सरकार बड़े खर्च को उठाने की स्थिति में नहीं है.

विकास निजी व सार्वजनिक क्षेत्र के सहयोग से ही होगा. सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राजस्थान अच्छा कर रहा है. उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया कि यदि इस समय वे राजस्थान नहीं आयेंगे, तो कोई दूसरा आ जायेगा, जैसा अभी गुजरात में हुआ है. फिर वह इस बारे में कुछ नहीं कर सकती है. उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के समय कुल 88 दिनों का ओवर ड्राफ्ट था, लेकिन अब एक दिन का भी ओवर ड्राफ्ट नहीं है. श्रीमती राजे से सीधी बातचीत का आयोजन राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया व अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने किया था. इस अवसर पर एचपी बुधिया, सांवरमल भीमसरिया, सुशील सिंघानिया, राजेंद्र बछावत, दिनेश बजाज, इंदु बंसल, विश्वंभर नेवर व गीतेश शर्मा आदि उपस्थित थे.

प्रभात खबर, कोलकाता मंगलवार 26 अप्रैल 2005




*राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता की बैठक को संबोधित करते हुए राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे। बायें अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ व दायें सचिव श्री संदीप भुतोड़िया। -फोटो : छपते छपते*

# राजस्थान के विकास में भागीदारी का आह्वान किया वसुंधरा राजे ने

संवाददाता

कोलकाता, 25 अप्रैल। राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने आज अपराह्न आईटीसी होटल में राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता की कार्यसमिति के सदस्यों एवं चुनिंदा प्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सामाजिक आधार एवं पुरातत्व सम्पदा को बनाये रखने जैसे कार्यों में प्रवासी राजस्थानी उद्यमियों की भागीदारी का आह्वान किया। साथ ही पशुधन को सुरक्षित रखने, दुग्ध व दुग्ध उत्पादन डेयरी, जैसे उद्योगों को लाभकारी बताते हुए उन पर उद्यमियों का ध्यान आकृष्ट किया।

शिक्षा के बारे में उन्होंने कहा कि वे यह भी चाहती हैं कि शिक्षण संस्थाएं निजी क्षेत्र में संचालित की जाये। इस पर शिक्षकों के वेतन आदि असुविधाओं पर सरकार उनसे बातचीत कर समस्या का समाधान कर सकती है, उन्होंने कहा।

प्रारंभ में श्री संदीप भुतोड़िया ने राजस्थान फाउंडेशन की ओर से श्रीमती वसुंधरा राजे का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हरिमोहन बांगड़ ने की। उपस्थित कई विशिष्ट उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री से औद्योगिक विकास हेतु कई प्रश्न किये जिनका संतोषजनक जवाब श्रीमती वसुंधरा राजे ने दिया। इनमें श्री प्रह्लाद राय अगरवाल, श्री महेंद्र कुमार जालान, श्रीलाल अगरवाल, श्री गोविन्द सारडा श्री दीपचंद नाहटा के नाम उल्लेखनीय हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के एक न्यूज लेटर का विमोचन किया जिसका सम्पादन श्री विश्वम्भर नेवर ने किया है।

# महानगर

## वसुंधरा ने प्रवासी राजस्थानियों को दिया आमंत्रण

कोलकाता, २५ अप्रैल (न. प्र.)। राजस्थान की मुख्य मंत्री वसुंधरा राजे ने आज प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान आने का खुला आमंत्रण दिया। उन्होंने आज राजस्थान फाउंडेशन के कोलकाता चैप्टर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप के लिए राजस्थान सरकार क्या कर सकती है, यह मुझे बताइये। उन्होंने केवल उद्योग के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि शिक्षा, होटल रेस्तरां, आदि क्षेत्रों में भी राजस्थानियों को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि हम स्कूल बनाते हैं आप चलाइये। आप सरकारी अतिथिशालाओं को अपने हाथ में लेकर चलाइये। मुख्य मंत्री के इस खुलेपन से सभी को सुखद अहसास हुआ। इस कार्यक्रम में महानगर के कुछ उद्योगपतियों ने कहा कि वहां सुख सुविधा का अभाव है। कुछ ने कहा कि शिक्षकों का वेतन कम करने से शिक्षा के क्षेत्र पर असर पड़ेगा। इन सारे सवालों का जवाब वसुंधरा राजे ने दिया। उन्होंने कहा कि आप यह मत पूछिये कि सरकार क्या छूट देगी आप यह बताइये कि आप क्या कर सकते हैं, इसके बाद हम बतायेंगे कि सरकार इस क्षेत्र में क्या कर सकती है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में मिड डे मिल काफी प्रभावी रहा है तथा इस क्षेत्र में प्रवासी राजस्थानी उद्योगपतियों का सहयोग अपेक्षित है। उद्योगपतियों ने उनसे इस पर आने वाले खर्च की जानकारी मांगी तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में बहुत जल्द ही वह राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता चैप्टर को सारी जानकारियां भेज देंगी। राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने सभी से मुख्य मंत्री का परिचय कराया। इस मौके पर मुख्य मंत्री ने न्यूज लेटर का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में महेन्द्र जालान, पी आर अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, एच पी बुधिया, हर्ष लोढ़ा समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। एच एम बांगड़ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




*राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चैप्टर की ओर से महानगर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान की मुख्य मंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया लोगों का अभिवादन स्वीकार करती हुई*

'सन्मार्ग' कोलकाता, मंगलवार, २६ अप्रैल, २००५




*सोमवार को आईटीसी सोनार बांगला में राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चैप्टर द्वारा राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे से सीधी बातचीत के अवसर पर लिए गए चित्र में श्रीमती वसुन्धरा राजे के साथ फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ एवं विषय वस्तु की जानकारी देते हुए फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया।* - फोटो : विश्वमित्र

## वसुंधरा ने अप्रवासी राजस्थानियों को आमंत्रित किया

कोलकाता, २५ अप्रैल (नि.प्र.)। राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आज महानगर में राजस्थान फाउंडेशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान फाउंडेशन के लोगों को अपनी मातृभूमि के विकास में भी योगदान देना चाहिए। उन्होंने बहुत से क्षेत्रों जैसे चिकित्सा और स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुविधाओं और धरोहरों को बचाने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने अप्रवासी राजस्थानियों को वहां भागीदारी के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री के साथ वार्ता सत्र में सर्वश्री हरिमोहन बांगड़, संदीप भूतोड़िया, सीताराम शर्मा, विश्वंभर नेवर, आर एस अग्रवाल, पी आर अग्रवाल, महेन्द्र जालान, संजय बुधिया, दीपचंद नाहटा व तिलोकचंद डागा उपस्थित थे। राज्य में नियमित रूप से सूखे व पानी की कमी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार जल प्रबंधन के क्षेत्र में गैर सरकारी संस्थाओं को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सड़कों की दशा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राज्य में ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भी सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमें छोटे-छोटे ऊर्जा संयंत्रों की आवश्यकता है, एक बड़े संयंत्र की नहीं। उन्होंने कहा कि कोलकाता में रहने वाले राजस्थानियों का अपनी मातृभूमि के साथ गहरा जुड़ाव है। चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र में उन्होंने सार्वजनिक-व्यक्तिगत सहभागिता पर जोर दिया। उन्होंने राज्य में तकनीकी शिक्षा संस्थानों की आवश्यकता पर भी बल दिया।

कोलकाता, २६ अप्रैल २००५ **दैनिक विश्वमित्र**



मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे कोलकाता में राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए।

यङ्ग लिडर 26, अप्रैल 2005

**Raje pitches for cash and care, showcases strengths of her state to sons of the soil**

# Come, help rejuvenate Rajasthan



Vasundhara Raje:
Purse and passion plea

DEVADEEP PUROHIT

It is time for the sons of the soil to spare a thought — and some resources — for homeland Rajasthan. At an interaction with city-based Marwaris, chief minister Vasundhara Raje made a pitch for both "cash and care" from the successful bunch of non-resident Rajasthanis (NRR).

During her two-hour interaction with the leaders of Calcutta's business fraternity, she spoke the language best understood by her audience known for its business acumen. "Come back home quick, before others make it. The Gujaratis have already sniffed the prospects in Rajasthan," said Raje at an interactive session, hosted by the city chapter of Rajasthan Foundation, an autonomous body of the government.

Industrialists H.P. Budhia of Patton, R.S. Agarwal of Emami, H.P. Kanoria of Srei, P.R. Agarwal of Rupa Hosiery and M.K. Jalan of Keventer Agro were among those attending the afternoon meeting.

From showcasing the state's strength in IT industry to highlighting sops for setting up dairies, the chief minister rolled out a comprehensive list to lure investments. "The roads in our state are top class. To make things even better, we are laying a north-south and east-west corridor," said Raje, as she painted a bright new picture of the land of the deserts.

Stressing on the government's commitment to create an enabling environment, she mentioned a host of recent initiatives — knowledge cities, special economic zones, the longest optic fibre network, tissue culture centre, mandatory English courses in schools, new programmes in colleges and universities, and more.

Blending free-market philosophy with focus on development initiatives Raje requested the cash-rich community to help the government set up educational institutions and healthcare facilities, tackle the problem of water scarcity and ensure meals for children in their home state. She also invited NRRs to take part in heritage conservation.

"To reduce non-plan expenditure, we have a new approach towards public-private partnership. Instead of you setting up institutions and we running them, the government will give you fixed assets, which you will have to manage," said Raje, who has won points for fiscal prudence.

The gesture — the chief minister seeking purse and passion — won instant appreciation, with promises to support the mission of a rejuvenated Rajasthan pouring in. "Most of us try to do something for our native place. But if the initiatives are coordinated with the help of the government, the impact will be much greater," summed up Sundeep Bhutoria, honorary secretary, Rajasthan Foundation.

THE TELEGRAPH CALCUTTA TUESDAY 26 APRIL 2005

# *Press Clipping*


| | | |
|---|---|---|
| Publication | : | Dainik Jagran (Rajasthan) |
| Date | : | Wednesday, April 27, 2005 |
| Edition | : | Jaipur |
| Page | : | 3 |


# प्रवासी राज्य के विकास में भागीदार बनें : राजे

जागरण संवाद केंद्र, जयपुर



■ मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कोलकाता में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित करती हुईं। जागरण

■ कोलकाता में राजस्थान फाउंडेशन की शासी परिषद को संबोधित किया

■ चिकित्सा-स्वास्थ्य सेवाओं, स्कूलों, विरासत संरक्षण व पर्यटन विकास आदि में सहयोग की अपील

मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राजस्थान के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

श्रीमती राजे कोलकाता में राजस्थान फाउंडेशन की शासी परिषद को संबोधित कर रही थीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक बनाने के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की संयुक्त भागीदारी पर जोर दिया और कहा कि प्रवासी राजस्थानी अस्पताल को गोद लेकर, इसका अपने प्रियजन की स्मृति में नामकरण कर उसकी संचालन लागत वहन करने का दायित्व ले सकते हैं। इसी प्रकार प्रवासी, विद्यमान विद्यालय का नवीनीकरण कर उसकी संचालन लागत को वहन करने का भी दायित्व निभा सकते हैं।

राज्य में बच्चों को कुपोषण से बचाने के प्रयासों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित मध्याह्न भोजन (मिड-डे-मील) का उद्देश्य बच्चों को अच्छा भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने राज्य में तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना की आवश्यकता प्रतिपादित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार गैर सरकारी संगठनों को जल प्रबंधन में भागीदारी निभाने को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने प्रवासीयों से अपील की कि वे डिग्गियों के निर्माण व बेहतर सिंचाई प्रणाली के उपयोग के लिए सरकार को सहयोग करें। उन्होंने पानी में फ्लोराइड की उच्च मात्रा की समस्या पर भी विचार-विमर्श किया। राजस्थान में सड़कों के समुचित विकास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ समस्त आधारभूत सुविधाओं में सुधार किया गया है। प्रदेश में विद्युत उत्पादन में भी सुधार आया है तथा हमें अब बड़े विद्युत संयंत्रों के स्थान पर छोटे संयंत्रों की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण पर चर्चा करते हुए प्रवासीजन को सरकार द्वारा संचालित 'एडोप्ट ए मोन्यूमेंट स्कीम' से अवगत कराया तथा कहा कि प्रवासी इस स्कीम में रुचि लेकर विरासत संरक्षण व पर्यटन को बढ़ावा देने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि समाज के असहाय, विशेषकर वृद्धजन के लिए आश्रय बनाने में भी प्रवासी आगे आएं। श्रीमती राजे ने कहा कि कोलकाता अनेक प्रमुख राजस्थानी व्यावसायिक घरानों का गृह है। ऐसे में वे प्रदेश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

*Clipping*

Hindustan Times (H T Jaipur Live)

Wednesday, April 27, 2005

Jaipur

5



HT

dresses an interactive session with NRRs at Kolkata on Tuesday. (Extreme right) Also seen Rajasthan Chapter Sandeep Bhaturai

# Raje makes another effort to woo NRRs

HT Live Correspondent

CHIEF MINISTER Vasundhara Raje has urged the Non Resident Rajasthanis to cooperate actively in the socio-economic development of the State. They should come forward in sectors including healthcare, education, infrastructure and conservation of heritage properties that offers widespread opportunities, she added.

Raje was addressing the NRRs at an interactive session hosted by the Kolkata chapter of Rajasthan Foundation, an autonomous body of the Government.

Stressing on the need for public-private partnership in the field of healthcare, Raje said NRRs could take up any hospital, name them after their near and dear ones and bear the expenses to run the institute.

From showcasing the State's strength in IT industry to highlighting sops for setting up dairies, the Chief Minister rolled out a comprehensive list to lure investments.

"The roads in our State are top class. To make things even better, we are laying a north-south and east-west corridor," said Raje, as she painted a bright new picture of the land of the deserts.

Stressing on the government's commitment to create an enabling environment, she mentioned a host of recent initiatives — knowledge cities, special economic zones, the longest optic fibre network, tissue culture centre, mandatory English courses in schools, new programmes in colleges and universities, and more.

Industrialists HP Budhia of Patton, RS Agarwal of Emami, HP Kanoria of Srei, PR Agarwal of Rupa Hosiery and MK Jalan of Keventer Agro were among those who attended the meet.

# राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता बधाई का पात्र–वसुंधरा राजे

'राजस्थान के बाहर इस वर्ष कोलकाता ही वह जगह थी जहां पर राजस्थान दिवस धूमधाम से मनाया गया। मैंने जब राजस्थान की राज्यपाल को फोन किया कि उन्हें ३० मार्च के राजस्थान दिवस जयपुर के कार्यक्रम में सम्मिलित होना है तो उन्होंने बताया कि वे कोलकाता में राजस्थान दिवस में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान कर चुकी हैं।' राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता ने राजस्थान दिवस पहली बार प्रदेश के बाहर इतनी धूमधाम से मनाया। इस हेतु मैं आप सब को हार्दिक बधाई देती हूं।' उक्त कथन राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने फाउन्डेशन द्वारा आयोजित प्रवासी राजस्थानियों के सीधे वार्तालाप के कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता चेप्टर का एक न्यूज लेटर का मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किया गया। यह न्यूज लेटर प्रत्येक तीन माह में निकलेगा, इसका संपादन फाउन्डेशन के कार्यसमिति के सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री विश्वम्भर नेवर ने किया है। मुख्यमंत्री ने न्यूज लेटर की बेहद प्रशंसा की और कहा, 'इस न्यूज लेटर को फाउन्डेशन के अन्य चेप्टरों को भेजे तथा वे स्वयं भी इन चेप्टरों को इस तरह के न्यूज लेटर प्रकाशित करने के लिए लिखेंगी।'

फाउन्डेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कोलकाता चेप्टर के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने मुख्यमंत्री का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया तथा फाउन्डेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने उपस्थित उद्योगपति वर्ग एवं प्रमुख प्रवासी राजस्थानियों का मुख्यमंत्री से परिचय करवाया।




*राजस्थान फाउन्डेशन कोलकाता के त्रैमासिक न्यूज लेटर के लोकार्पण पर लिए गये चित्र में राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे, न्यूज लेटर के सम्पादक विश्वम्भर नेवर एवं फाउन्डेशन के मानद् सचिव संदीप भूतोड़िया*

'सन्मार्ग' कोलकाता, गुरुवार, २८ अप्रैल, २००५

# राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता बधाई का पात्र : वसुंधरा राजे

कोलकाता, २७ अप्रैल। राजस्थान के बाहर इस वर्ष कोलकाता ही वह जगह थी जहां पर राजस्थान दिवस धूमधाम से मनाया गया। मैंने जब राजस्थान की राज्यपाल को फोन किया कि उन्हें ३० मार्च के राजस्थान दिवस जयपुर के कार्यक्रम में सम्मिलित होना है तो उन्होंने बताया कि वे कोलकाता में राजस्थान दिवस में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान कर चुकी हैं। राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता ने राजस्थान दिवस पहली बार प्रदेश के बाहर इतनी धूमधाम से मनाया। इस हेतु मैं आप सब को हार्दिक बधाई देती हूं। उक्त कथन राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा आयोजित प्रवासी राजस्थानियों के सीधे वार्तालाप के कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चेप्टर का एक न्यूज लेटर का मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किया गया। यह न्यूज लेटर प्रत्येक तीन माह में निकलेगा, इसका संपादन फाउंडेशन के कार्यसमिति के सदस्य एवं पत्रकार श्री विश्वम्भर नेवर ने किया है। मुख्यमंत्री ने न्यूज लेटर की बेहद प्रशंसा की और कहा 'इस न्यूज लेटर को फाउंडेशन के अन्य चेप्टरों को भेजे तथा वे स्वयं भी इन चेप्टरों को इस तरह के न्यूज लेटर प्रकाशित करने के लिए लिखेंगी।' फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कोलकाता चेप्टर के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने मुख्यमंत्री का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया तथा संदीप भूतोड़िया ने उपस्थित उद्योगपति एवं प्रमुख प्रवासी राजस्थानियों का मुख्यमंत्री से परिचय करवाया। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चेप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में फाउंडेशन के कार्यसमिति के सदस्य दीपचंद नाहटा, हरिप्रसाद अग्रवाल, पी.आर. अग्रवाल तथा उद्योगपति महेन्द्र जालान, हरिप्रसाद कानोड़िया, हर्ष लोढा, रंजीत मेठिया, गोविंद सारडा उपस्थित थे। इन व्यक्तियों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ताओं में राजस्थान परिषद के महावीर नारसरिया, अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के दिनेश बजाज, कोलकाता मारवाड़ी सम्मेलन के सांवरमल भीमसरिया, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन से सीताराम शर्मा, रतन शाह, नंदकिशोर जालान, रामअवतार पोद्दार एवं भानीराम सुरेका उपस्थित थे। कलकत्ता चेंबर आफ कामर्स की तरफ से सुशील अग्रवाल, प्रभात कुमार, के.के. डालमिया, एस.एन. अग्रवाल के साथ मित्तनश्री के केवलचंद मीमानी एवं सतीश लाखोटिया एवं वरिष्ठ पत्रकार गीतेश शर्मा ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। समारोह में जैन समाज के उद्योगपति हरखचंद कांकरिया, जैन संस्कृति संसद के तिलोकचंद डागा व सुरेन्द्र बोठिया के अलावा अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन महिला समिति की ओर से चित्रा तोदी, सुशीला सिंघानिया, इंदु बंसल भी उपस्थित थीं। महिलाओं की चिर-परिचित संस्था जागृति की तरफ से अध्यक्ष अनिता केडिया तथा कोलकाता चेंबर लेडिज स्टडी ग्रुप की अमिता गनेरीवाल ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार शर्मा एवम् राजेश बिहानी विशेष रूप से सक्रिय थे।



*राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चेप्टर द्वारा आईटीसी सोनार बांगला में राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे के साथ सीधी वार्ता के तहत फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित न्यूज लेटर का विमोचन श्रीमती राजे ने किया। उक्त अवसर पर लिए गए चित्र में न्यूज लेटर प्रति के साथ श्रीमती राजे, फाउंडेशन अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, सचिव श्री संदीप भूतोड़िया एवं न्यूज लेटर के सम्पादक श्री विश्वम्भर नेवर परिलक्षित हैं।*

**दैनिक विश्वमित्र** कोलकाता, २८ अप्रैल २००५

# राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता बधाई का पात्र : वसुंधरा राजे

कोलकाता, 28 अप्रैल। राजस्थान के बाहर इस वर्ष कोलकाता ही वह जगह थी जहां पर राजस्थान दिवस धूमधाम से मनाया गया। मैंने जब राजस्थान की राज्यपाल को फोन किया कि उन्हें 30 मार्च के राजस्थान दिवस जयपुर के कार्यक्रम में सम्मिलित होना है तो उन्होंने बताया कि वे कोलकाता में राजस्थान दिवस में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान कर चुकी हैं।

राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता ने राजस्थान दिवस पहली बार प्रदेश के बाहर इतनी धूमधाम से मनाया। इस हेतु मैं आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं। उक्त कथन राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रवासी राजस्थानियों के सीधे वार्तालाप के कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चेप्टर का एक न्यूज लेटर का मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किया गया। यह न्यूज लेटर प्रत्येक तीन माह में निकलेगा, इसका संपादन फाउंडेशन के कार्यसमिति के सदस्य एवं पत्रकार श्री विश्वम्भर नेवर ने किया है। मुख्यमंत्री ने न्यूज लेटर की बेहद प्रशंसा की और कहा 'इस न्यूज लेटर को फाउंडेशन के अन्य चेप्टरों को भेजें तथा वे स्वयं भी इन चेप्टरों को इस तरह के न्यूज लेटर प्रकाशित करने के लिए लिखेंगी।' फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कोलकाता चेप्टर के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने मुख्यमंत्री का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया तथा संदीप भूतोड़िया ने उपस्थित उद्योगपति एवं प्रमुख प्रवासी राजस्थानियों का मुख्यमंत्री से परिचय करवाया।

राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चेप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में फाउंडेशन के कार्यसमिति के सदस्य दीपचंद नाहटा, हरि प्रसाद अग्रवाल, पी. आर. अग्रवाल तथा उद्योगपति महेंद्र जालान, हरिप्रसाद कानोड़िया, हर्ष लोढ़ा, रंजीत सेठिया, गोविंद सारडा उपस्थित थे। इन व्यक्तियों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ताओं में राजस्थान परिषद के महावीर नारसरिया, अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के दिनेश बजाज, कोलकाता मारवाड़ी सम्मेलन के सांवरमल भीमसरिया, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन से सीताराम शर्मा, रतन शाह, नंदकिशोर जालान, राम अवतार पोद्दार एवं भानीराम सुरेका उपस्थित थे। कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स की तरफ से सुशील अग्रवाल, प्रभात कुमार, के. के. डालमिया, एस. एन. अग्रवाल के साथ मिलनश्री के केवलचंद मीमानी एवं सतीश लाखोटिया एवं वरिष्ठ पत्रकार गीतेष शर्मा ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। समारोह में जैन समाज के उद्योगपति हरखचंद कांकरिया, जैन संस्कृति संसद के तिलोकचंद डागा व सुरेंद्र बांठिया के अलावा अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन महिला समिति की ओर से चित्रा तोदी, सुशीला सिंघानिया, इंदु बंसल भी उपस्थित थीं। महिलाओं की चिर-परिचित संस्था जागृति की तरफ से अध्यक्ष अनिता केडिया तथा कोलकाता चेंबर लेडिज स्टडी ग्रुप की अमिता गनेरीवाल ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार शर्मा एवं राजेश बिहानी विशेष रूप से सक्रिय थे।



*राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चेप्टर द्वारा आईटीसी सोनार बांगला में राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे के साथ सीधी वार्ता के तहत फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित न्यूज लेटर का विमोचन श्रीमती राजे ने किया। उक्त अवसर पर लिए गए चित्र में न्यूज लेटर प्रति के साथ श्रीमती राजे, फाउंडेशन अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, सचिव श्री संदीप भूतोड़िया एवं न्यूज लेटर के सम्पादक श्री विश्वम्भर नेवर।*
- फोटो : छपते छपते

# कटारिया के सम्मान में कोलकाता में गोष्ठी

जयपुर, जासंकें: गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया की एक दिन की कोलकाता यात्रा के अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन के सचिव व राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने अपने निवास पर एक मिलन गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी में बंगाल भाजपा अध्यक्ष तथागत राय, श्री सीमेंट के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, विख्यात साहित्यकार एवं उद्योगपति डा. प्रभा खेतान, रूपा एंड कंपनी के प्रहलाद राय अग्रवाल, फिनान्स कंपनी के हरिप्रसाद कनोड़िया, उद्योगपति राजेंद्र सिंह लोढ़ा, नेमीचंद बामलवा ज्वैलर्स के मदनलाल बामलवा, अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, युवा शाखा के दिनेश बजाज, प्रेम मिलन के चंद्रकांत सर्राफ, समाजसेवी राजकुमार शर्मा, ढांढी सती वेलफेयर ट्रस्ट के सुरेंद्र बजाज, जैन सभा के अध्यक्ष एवं जूट उद्योगपति हरकचंद कांकरिया, खाटू श्याम के पदम परसरामपुरिया, महेश निमावत, लरिका रिजार्ट के सतीश लाखोटिया, युवा पत्रकार देवद्वीप पुरोहित के अलावा राजस्थान सूचना केंद्र के जयदीप भट्टाचार्य उपस्थित थे। इससे पहले एयरपोर्ट पर गुलाबचंद कटारिया का माल्यार्पण कर राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया, राजकुमार शर्मा एवं प्रशांत बांगड़ ने स्वागत किया।

दैनिक जागरण राजस्थान 29. मई 2005

**कटारिया के सम्मान में मिलन गोष्ठी**

गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया की कोलकाता यात्रा के अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन के सचिव और राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने मिलन गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर गृहमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रवासी राजस्थानी के किसी भी कार्य में सहयोग करने में खुशी होगी।

*दैनिक भास्कर जयपुर 10, जून 2005*

## गृहमंत्री के सम्मान में गोष्ठी

गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया के कोलकाता यात्रा के दौरान में राजस्थान फाउन्डेशन के सचिव एवं राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोडिया ने अपने निवास पर एक मिलन गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में बंगाल भाजपा अध्यक्ष तथागत राय, सीमेंट के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड, विख्यात साहित्यकार एवं उद्योगपति डॉ. प्रभा खेतान, रूपा एंड कम्पनी के प्रहलाद राय अग्रवाल, फिनान्स कंपनी के हरिप्रसाद कनोडिया, उद्योगपति राजेन्द्र सिंह लोढ़ा, नेमीचंद बामलवा ज्वैलर्स के मदनलाल बामलवा, अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, युवा शाखा के दिनेश बजाज, प्रेम मिलन के चंद्रकांत सर्राफ,समाजसेवी राजकुमार शर्मा,ढांढी सती वैलफेयर ट्रस्ट के सुरेन्द्र बजाज, जैन सभा के अध्यक्ष एवं जूट उद्योगपति हरकचंद कांकरिया, खाटू श्याम के पद्म परसरामपुरिया, महेश निमावत, लॉरिका रिजॉर्ट के सतीश लाखोटिया, युवा पत्रकार देवद्वीप पुरोहित के अलावा राजस्थान सूचना केंद्र के जयदीप भट्टाचार्य उपस्थित थे। राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा आयोजित इस मिलन गोष्ठी के अवसर पर गृहमंत्री ने प्रवासियों से कहा कि उन्हें खुशी तब होगी कि वे प्रवासी राजस्थानी के किसी भी काम में सहयोग कर सकें। इससे पहले सुबह एयरपोर्ट पर गुलाबचंद कटारिया का राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया, राजकुमार शर्मा एवं प्रशांत बांगड़ ने स्वागत किया।

*महका भारत 10, जून 2005*



***राजस्थान के गृहमंत्री श्री गुलाब चंद कटारिया के कोलकाता आगमन पर राजस्थान फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने अपने निवास स्थान में मिलन गोष्ठी का आयोजन किया। उक्त अवसर पर लिए गए चित्र में श्री कटारिया, राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हरि मोहन बांगड़, श्री राजेन्द्र लोढ़ा एवं श्री भूतोड़िया परिलक्षित हैं।*** - फोटो : विश्वमित्र

# राजस्थान के गृहमंत्री के सम्मानार्थ मिलन गोष्ठी

**निज प्रतिनिधि**

कोलकाता, ९ जून। राजस्थान के गृहमंत्री माननीय श्री गुलाबचंद कटारिया के एक दिन के कोलकाता यात्रा के अवसर पर राजस्थान फाउन्डेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने अपने निवास स्थान पर एक मिलन गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं श्री सीमेन्ट के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, विख्यात साहित्यकार एवं उद्योगपति डॉ. प्रभा खेतान, रूपा एंड कंपनी के प्रह्लाद राय अग्रवाल, श्री फिनान्स कंपनी के हरिप्रसाद कानोड़िया, उद्योगपति राजेन्द्र सिंह लोढ़ा, नेमिचंद बामलवा ज्वेलर्स के श्री मदनलाल बामलवा, अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, युवा शाखा के श्री दिनेश बजाज, प्रेम मिलन के चंद्रकांत सर्राफ, राजकुमार शर्मा, ढांढी सती वेलफेयर ट्रस्ट के श्री सुरेन्द्र बजाज, श्री जैन सभा के अध्यक्ष श्री हरकचंद कांकरिया, खाटू श्याम श्री के श्री पद्म परसरामपुरिया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री तथागत राय, श्री महेश निमावत, लॉरिका रिजोर्ट के श्री सतीश लाखोटिया, देवद्वीप पुरोहित के अलावा राजस्थान सूचना केन्द्र के श्री जयदीप भट्टाचार्य उपस्थित थे। श्री गुलाबचंद कटारिया ने प्रवासियों से कहा कि उन्हें खुशी होगी कि वे प्रवासी राजस्थानी के किसी भी काम में सहयोग कर सकें। इससे पहले सुबह एयरपोर्ट पर श्री गुलाबचंद कटारिया का माल्यार्पण कर राजस्थान फाउन्डेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया, श्री राजकुमार शर्मा एवं श्री प्रशांत बांगड़ ने स्वागत किया।

*दैनिक विश्वमित्र 10 जून 2005*



राजस्थान के गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया (बायें) के साथ हरिमोहन बांगड़ व संदीप भूतोड़िया

# राजस्थान के गृहमंत्री के सम्मानार्थ मिलन गोष्ठी

**कोलकाता :** राजस्थान के गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया की एक दिन की कोलकाता यात्रा के अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने अपने निवास स्थान पर एक मिलन गोष्ठी का आयोजन किया .गोष्ठी में राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं श्री सीमेंट के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड,विख्यात साहित्यकार एवं उद्योगपति डा. प्रभा खेतान,रूपा एंड कंपनी के प्रह्लाद राय अग्रवाल,फिनांस कंपनी के हरिप्रसाद कानोडिया,उद्योगपति राजेंद्र सिंह लोढ़ा,नेमिचंद बामलवा ज्वैलर्स के मदन लाल बामलवा,अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन,युवा शाखा के दिनेश बजाज,प्रेम मिलन के चंद्रकांत सर्राफ,समाजसेवी राजकुमार शर्मा,दांदी सती वेलफेयर ट्रस्ट के सुरेंद्र बजाज,जैन सभा के अध्यक्ष एवं जूट उद्योगपति हरकचंद कांकरिया,खाटू श्याम श्री के पद्म परसरामपुरिया,महेश निमावत, लॅरिका रिजोर्ट के सतीश लाखोटिया,युवा पत्रकार देवद्वीप पुरोहित के अलावा राजस्थान सूचना केंद्र के जयदीप भट्टाचार्य उपस्थित थे. गुलाब चंद कटारिया ने प्रवासियों से कहा कि उन्हें खुशी होगी कि वे प्रवासी राजस्थानी के किसी भी काम में सहयोग कर सकें.सुबह एयर पोर्ट पर श्री गुलाबचंद कटारिया का माल्यार्पण कर संदीप भूतोड़िया,राजकुमार शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तथागत राय एवं प्रशांत बांगड ने स्वागत किया.

*प्रभात खबर 10 जून 2005*

# राजस्थान के गृह मंत्री के सम्मान में हुई गोष्ठी

जनसत्ता संवाददाता

कोलकाता, ९ जून। राजस्थान के गृह मंत्री गुलाबचंद कटारिया के सम्मान में गोष्ठी हुई। राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया के आवास पर हुई गोष्ठी में फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, साहित्यकार डॉ. प्रभा खेतान, प्रह्लादराय अग्रवाल, हरिप्रसाद कानोड़िया, उद्योगपति राजेंद्र सिंह लोढ़ा, हरकचंद कांकरिया, दमनलाल बामलवा, दिनेश बजाज, चंद्रकांत सराफ के अलावा कई जाने माने लोग मौजूद थे।

इस मौके पर कटारिया ने कहा कि उन्हें खुशी होगी कि वे प्रवासी राजस्थानी के किसी काम में सहयोग कर सकें। इससे पहले एअरपोर्ट पर संदीप भूतोड़िया, राजकुमार शर्मा व प्रशांत बांगड़ ने कटारिया की अगवानी की।

जनसत्ता 10 जून 2005

92


# Kataria meets Rajasthanis in Kolkata

**HT Correspondent**
Jaipur, June 9

RAJASTHAN FOUNDATION secretary and Rajasthan National Forum president Sandeep Bhutodia organised a Milan Goshti at his residence in Kolkata on Thursday on the occasion of one-day visit of Home Minister Gulab Chand Kataria.

The Home Minister thanked the Rajasthanis based in West Bengal for the help rendered by them to various causes of the State.

Bengal BJP president Tathagat Rai, Shree Cement president Harimohan Bangar, litterateur Prabha Khaitan, and many othre prominant Rajasthanis attended the meeting.



Home Minister Gulab Chand Kataria with Sandeep Bhutodia in Kolkata on Thursday

HT NATION, JAIPUR, 10, JUNE, 2005



दमदम हवाईअड्डे पर राजस्थान के गृहमंत्री श्री गुलाबचन्द कटारिया का स्वागत करने पहुँचे राजस्थान फाउण्डेशन के सचिव श्री सन्दीप भुतोड़िया के साथ श्री राजकुमार शर्मा व श्री चन्द्रकान्त सराफ।

## राजस्थान के गृह मंत्री के सम्मान में मिलन गोष्ठी

कोलकाता, ९ जून (नि.प्र.)। राजस्थान के गृह मंत्री गुलाबचंद कटारिया की एक दिवसीय के कोलकाता यात्रा के अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन के सचिव एवं राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने अपने निवास स्थान पर एक मिलन गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में श्री सीमेंट के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, साहित्यकार एवं उद्योगपति डॉ. प्रभा खेतान, रूपा एण्ड कंपनी के प्रह्लाद राय अग्रवाल, हरिप्रसाद कानोड़िया, राजेन्द्र सिंह लोढ़ा, मदनलाल बामलवा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तथागत राय, अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन की युवा शाखा के दिनेश बजाज के अलावा राजस्थान सूचना केन्द्र के जयदीप भट्टाचार्य उपस्थित थे।

राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा आयोजित इस मिलन गोष्ठी के अवसर पर गृह मंत्री ने प्रवासियों से कहा कि उन्हें खुशी होगी कि वे प्रवासी राजस्थानियों के किसी भी काम में सहयोग कर सकें।

*सन्मार्ग 10 जून 2005*

# राजस्थान की प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे राष्ट्रपति

कोलकाता, १३ जुलाई। राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम राजस्थान की प्रतिभाओं का सम्मान करेंगे। आज उन्होंने राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चैप्टर के प्रतिनिधियों को यह जानकारी दी। इस प्रतिनिधिमण्डल में चैप्टर के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ और सचिव संदीप भूतोड़िया शामिल थे।

इन लोगों ने राष्ट्रपति के सामने प्रस्ताव रखा था कि राजस्थान की प्रतिभाएं जो पूरे विश्व में फैली हैं, उन्हें सम्मानित करने के लिए फाउण्डेशन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति आयें। राष्ट्रपति ने कहा कि वे जयपुर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अवश्य शिरकत करेंगे।




नेताजी सुभाष ओपेन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में रजत रंजन घोषाल को सम्मानित करते राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम

*सन्मार्ग 14, जुलाई 2005*

# महामहिम का स्वागत

**कोलकाता :** राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के कोलकाता आगमन पर राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष हरि मोहन बांगड़ व संदीप भूतोड़िया ने दमदम हवाई अड्डे पर उनकी आगवानी कर स्वागत किया. साथ ही उन्होंने फाउंडेशन की गतिविधियों के विषय में राष्ट्रपति को जानकारी दी. श्री भूतोड़िया ने राष्ट्रपति को अपनी संस्था द्वारा विशिष्ट मारवाड़ियों के स्वागत समारोह में उपस्थित होने का आमंत्रण दिया. श्री भूतोड़िया के मुताबिक राष्ट्रपति न्यौते पर विचार का भरोसा दिया.

प्रभात खबर 14, जुलाई 2005

# राजस्थान फाउंडेशन के प्रतिनिधि राष्ट्रपति से मिले

## विशिष्ट राजस्थानियों को सम्मानित करेगा फाउंडेशन

कोलकाता, १३ जुलाई (नि.प्र.)। महामहिम राष्ट्रपति के कोलकाता आगमन पर राजस्थान फाउंडेशन (कोलकाता चैप्टर) के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ एवं सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने दमदम एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की आगवानी कर उनसे मुलाकात की। श्री बांगड़ ने श्री कलाम को राजस्थान फाउंडेशन की गतिविधियों के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए महामहिम की जिज्ञासा पर राजस्थान फाउंडेशन की स्थापना, उसके उद्देश्य तथा राजस्थान दिवस की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि राजस्थान फाउंडेशन राजस्थान सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एक स्वतंत्र संगठन है। इसकी जानकारी देते हुए सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने राष्ट्रपति महोदय को विश्व के समस्त अति विशिष्ट मारवाड़ियों को सम्मानित करने के आयोजन पर बतौर प्रमुख अतिथि के रूप में लिखित आमंत्रण दिया तथा उनसे अनुरोध किया कि उक्त कार्यक्रम कोलकाता, राजस्थान अथवा आपके निवास स्थान (राष्ट्रपति भवन) में किया जाए पर श्री कलाम ने कहा कि हमारी राजस्थान यात्रा के दौरान किया जाए तो अच्छा होगा। श्री भूतोड़िया ने महामहिम को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप जैसा चाहेंगे वैसा ही इस कार्यक्रम को आयोजित करेंगे। राजस्थान फाउंडेशन की कोलकाता महानगर में एक गरिमा है और उसके कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के बाद ही महामहिम राष्ट्रपति ने अपनी सहमति प्रदान कर श्री भूतोड़िया को आश्वस्त किया कि हमें आपका आमंत्रण स्वीकार है।

दैनिक विश्वमित्र 14, जुलाई 2005



राजस्थान की मुख्यमंत्री एवं राजस्थान फाउंडेशन की चेयरपरसन श्रीमती वसुंधरा राजे के कोलकाता आगमन पर दमदम एयरपोर्ट पर स्वागत करते हुए राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चैप्टर के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया। - फोटो : विश्वमित्र

# राजस्थान को समृद्ध बनाने में हाथ बटाएं : वसुंधरा

**निज प्रतिनिधि**

कोलकाता, १६ जुलाई। राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने कहा है कि मैंने राजस्थान को एक समृद्ध और सम्पन्न प्रदेश बनाने का संकल्प संजोया है और हमारी सरकार इस दिशा में ठोस कदम भी बढ़ा दिये हैं। यह एक बहुत बड़ा कार्य है और इसमें सफलता के लिए यह जरूरी है कि प्रदेश के सभी वर्गों के साथ ही प्रवासी राजस्थानियों का भी सक्रिय सहयोग मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक महीने के भीतर राज्य के १८ गांवों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में जोड़ने की परिकल्पना की है साथ ही प्रदेश के १ करोड़ बच्चों के स्वास्थ्य पर एक डाटा बेस बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना में राजस्थान राज्य पूरे देश में अव्वल आया है। राज्य की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए भी राज्य सरकार ने कई कदम उठाये हैं। ये छोटे-छोटे कदम हैं लेकिन छोटे-छोटे कदम से ही इतिहास बनता है।

*दैनिक विश्वमित्र 17, जुलाई 2005*

कोलकाता

# प्रेम व करुणा पत्रकारिता का धर्म हो : वसुंधरा



कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया (बायें). एयरपोर्ट पर उनके साथ राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया.

**कोलकाता, 16 जुलाई :** किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता व संप्रभुता बनाये रखने के लिए जरूरी है लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देना. इतिहास इस बात का साक्षी है कि तानाशाहों ने अपनी सत्ता बनाये रखने के लिए व्यक्ति की अभिव्यक्ति को हर संभव दबाने की चेष्टा की है. देश की आजादी की लड़ाई में भाषाई पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है. इन पत्रकारों का अदम्य साहस ही था कि वे ब्रिटिश सत्ता के सामने झुके नहीं, बल्कि देश को नयी दृष्टि दी. जब पत्रकारिता में कुरीतियां आयीं, तो उसे दूर करने की कोशिश करनी चाहिए. पत्रकारिता देश समाज को जोड़ने का एक सेतु है. विभिन्न देशों के चिंतकों-विचारकों ने एक मत से स्वीकार किया है कि लोकतंत्र में पत्रकारिता चौथा खंभा है. कवियों-संतों महापुरुषों ने राष्ट्र के निर्माण व विकास में नयी क्रांति की है, वैसी भूमिका पत्रकारिता कर रही है. ये बातें राजस्थान की मुख्यमंत्री वुसंधरा राजे सिंधिया ने एक स्थानीय हिंदी दैनिक समाचारपत्र का लोकार्पण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं. श्रीमती सिंधिया ने कहा कि आजकल पत्रकारिता को रोचक बनाने व ज्यादा से ज्यादा विज्ञापन पाने की होड़ को सहज ही देखा जा सकता है. इस होड़ में कुछ प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया शामिल हैं. घटनाओं व समाचारों को दूसरे रूप में पेश करती हैं, जो देश-समाज के लिए घातक है. पत्रकारिता को आम आदमी के सुख-दु:ख में साथी होना चाहिए. जो जीवन को कर्मशील व विकासशील बनाये, ऐसी सामग्री अखबारों में होनी चाहिए. पत्रकारों को वह तसवीर व समाचार नहीं छापना व दिखाना चाहिए, जिससे समाज में विघटन हो. हाल में ही अमेरिकी मीडिया ने सामूहिक निर्णय लेकर इराकी कैदियों की वीभत्स तसवीरों को नहीं दिखाया. क्योंकि उन्हें यह अंदेशा था कि इससे विघटन का स्वर कहीं तेज न हो जाये. प्रेम और करुणा जन-जन में फैले, यही पत्रकारिता का रचनात्मक धर्म होना चाहिए. कितना भी छोटा अखबार क्यों न हो, यदि उसका बड़ा दिल हो और ईमानदारी के साथ काम करता हो, तो वह एक दिन वटवृक्ष बन जाता है. उन्होंने कहा कि मैंने प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से राज्य को एक समृद्धशाली राज्य बनाने का संकल्प लिया है. शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्रों में राज्य सरकार अच्छा कार्य कर रही है. राज्य ने प्राकृतिक आपदा राहत को सुचारू रूप से गठित किया है. राज्य सरकार सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से राज्य को विकसित करने का प्रयास कर रही है. इसमें पत्रकारों को बड़ी भूमिका निभानी है. पत्रकारिता व सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से राज्य जल्द ही एक समृद्ध व विकसित राज्य बन जायेगा.

प्रभात खबर 17, जुलाई 2005

# Carrying the 'keep it simple' tradition ahead

TIMES NEWS NETWORK

Marwaris, it seems can go OTT with weddings. Yeah, OTT, Over The Top. They never stop surprising us and sometimes this little surprise takes the form of a not-so-pleasant shock. After all, just how much of the Over The Top funda can one take?

**WEDDING WOWS**

But good beginnings have to be made by someone and Hari Mohan Bangur has done just that. His daughter Pooja tied the knot to Gaurav Jain in Delhi on the 10th of July and the 'super simple' reception is to follow on the 16th. BR Sureka, general secretary of All India Marwari Federation says, "We requested him to keep the wedding simple and donate the amount thus saved for social uplift. By doing so, he would be setting a very fine example for the rest of the community." And HM Bangur did just that. Not only did he cancel the elaborate wedding invitations, but also slashed the eight cuisine affair into a simple one. "He was nice enough to give us a patient hearing and also accede to our request," says social activist Sundeep Bhutoria.

Says Jitesh Sharma, author, "What is the point of an invitation card that costs Rs 1000? Isn't it ultimately thrown in the bin? Lavish weddings do nothing but breed cultural and family pollution. They had completely stopped in between due to agitations but the new rich class is leading the way again. They need to stop too."

And as Prashant Bangur, the bride's brother rightly says, "Elaborate weddings do nothing but generate some talk and interest. Weddings should be simple because what really matters is the good wishes and blessings of the family members."

How can we refute that?

caltimes@timesgroup.com

*THE TIMES OF INDIA, 14 , JULY 2005*

# छात्रवृत्ति के लिए पन्द्रह लाख का अनुदान

कोलकाता, 17 जुलाई

राजस्थान फाउन्डेशन कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष एवं उद्योगपति हरिमोहन बांगड़ ने अपनी पुत्री विवाह के समारोह के बाद कोलकाता एवं राजस्थान की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्थाओं के लिए एक करोड़ रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। इस अवसर पर राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे भी वहां मौजूद थी।

उल्लेखनीय है कि महानगर की कुछ सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने गीतेश शर्मा के नेतृत्व में बांगड़ से मारवाड़ी समाज में शादी-विवाह के अवसर पर बढ़ रहे अनावश्यक खर्च को कम करने की अपील की थी। बांगड़ ने न केवल उनकी बात को माना बल्कि अनावश्यक खर्चें पर रोक लगाकर आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। विवाह समारोह में फूल एवं साज-सज्जा पर भी कोई विशेष खर्च नहीं किया गया था। यहां तक की बांगड़ ने विवाह के निमंत्रण पत्र भी साधारण छपवाए।

इस अवसर पर विधायक सत्यनारायण बजाज ने मारवाड़ी समाज की ओर से हरिमोहन बांगड़ एवं वेणुगोपाल बांगड़ को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बांगड़ के इस कार्य को सहराते हुए कोलकाता के मारवाड़ी समाज से इसे अनुकरण करने की अपील की।

राजस्थान फाउन्डेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने कहा कि, राजस्थान के मारवाड़ी समाज के पुराने समय में यह परंपरा का अनुकरण करते हुए बांगड़ ने जो राशि देने की घोषणा कि है वह राजस्थान की परंपरा एवं रीति-रिवाज को पुनर्जीवित करेगी। बांगड़ द्वारा घोषित राशि में पन्द्रह लाख रुपए राजस्थान में 'एजुकेशन फॉर ऑल' ट्रस्ट के तहत सबके लिए शिक्षा कार्यक्रम पर खर्च किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि बंगाल में 'एजुकेशन फॉर ऑल ट्रस्ट' पिछले चार वर्षों में करीब बारह हजार छात्र-छात्राओं को शिक्षा में मदद कर चुका है। राजस्थान में इसका शुभारम्भ अगस्त माह में एक कार्यक्रम द्वारा किया जाएगा। राजस्थान में इस छात्रवृत्ति योजना के प्रभारी प्रशांत बांगड़ होंगे।

**राजस्थान पत्रिका**

कोलकाता | सोमवार | 18 जुलाई 2005

# हरिमोहन बांगड़ ने दिया एक करोड़ का अनुदान

निज प्रतिनिधि

कोलकाता, १७ जुलाई। सुप्रसिद्ध उद्योगपति व राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता के अध्यक्ष एवं श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक श्री हरिमोहन बांगड़ ने अपनी पुत्री पूजा के शुभविवाह के अवसर पर कोलकाता एवं राजस्थान की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्थाओं हेतु एक करोड़ रुपये के अनुदान राशि देने की घोषणा की है। स्थानीय होटल आईटीसी सोनार बांगला में उनकी पुत्री पूजा एवं गौरव के विवाहोपरांत आयोजित स्वागत समारोह के अवसर पर राजस्थान की मुख्य श्रीमती वसुंधरा राजे की उपस्थिति में उन्होंने यह घोषणा की।

## मारवाड़ी समाज में एक अनुकरणीय पहल

ज्ञातव्य है कि महानगर की कुछ सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकार एवं चिंतक गीतेश शर्मा के नेतृत्व में जाकर श्री हरिमोहन बांगड़ से मारवाड़ी समाज में शादी-विवाह के अवसर पर बढ़ रहे अनावश्यक खर्च को कम करने की एवं विवाह समारोह को सादगी से सम्पन्न करने की अपील की थी। श्री बांगड़ ने न केवल उनकी बात को माना बल्कि समाज के इस वरिष्ठतम औद्योगिक घराने ने सिर्फ दस खाद्य पदार्थों की भोजन व्यवस्था कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस समारोह में फूल एवं साज-सज्जा पर भी कोई अनावश्यक खर्च नहीं किया गया था। यहां तक कि श्री बांगड़ ने इस शादी पर छपे हुए आमंत्रण पत्र रद्द कर बेहद साधारण निमंत्रण पत्र दुबारा छपवाया। इस अवसर पर विधायक श्री सत्यनारायण बजाज ने पूरे मारवाड़ी समाज की तरफ से श्री हरिमोहन बांगड़ एवं वेणुगोपाल बांगड़ को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने श्री बांगड़ के इस कार्य को सराहते हुए कोलकाता के मारवाड़ी समाज से इसे अनुकरण करने की अपील की। राजस्थान फाउन्डेशन के सचिव एवं इस अवसर पर उपस्थित सुपरिचित संदीप भूतोड़िया ने कहा कि राजस्थान के मारवाड़ी समाज के पुराने समय में यह परंपरा थी कि शादी-विवाह के अवसर पर सामाजिक कार्य हेतु कुछ अनुदान दिया जाए और इसी परम्परा का अनुकरण करते हुए श्री बांगड़ ने जो एक करोड़ रुपये की अनुदान राशि दी है वह निस्संदेह हमारी परंपरा एवं रीति-रिवाज को पुनर्जीवित करेगी एवं समाज में शादी-विवाह पर अनावश्यक खर्चों पर नई सोच में मददगार साबित होगी। श्री बांगड़ द्वारा घोषित इस राशि में पंद्रह लाख रुपये राजस्थान में 'एजुकेशन फॉर ऑल' ट्रस्ट के तहत सबके लिए शिक्षा कार्यक्रम पर खर्च किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि बंगाल में 'एजुकेशन फॉर ऑल' ट्रस्ट पिछले चार वर्षों में करीब बारह हजार छात्र-छात्राओं को शिक्षा में मदद कर चुका है। राजस्थान में इसका शुभारंभ अगस्त माह में एक कार्यक्रम द्वारा किया जाएगा। राजस्थान में इस छात्रवृत्ति योजना के प्रभारी श्री प्रशांत बांगड़ होंगे।



*सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक श्री हरिमोहन बांगड़ की पुत्री पूजा के विवाहोपरान्त होटल आईटीसी सोनार बांगला में शनिवार को आयोजित स्वागत समारोह के अवसर पर लिए गए चित्र में नवदम्पति पूजा एवं गौरव जैन के साथ राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे, श्री बांगड़, विधायक श्री सत्यनारायण बजाज एवं राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चैप्टर के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया परिलक्षित हैं।* -फोटो : विश्वमित्र

दैनिक विश्वमित्र कोलकाता, १८ जुलाई २००५

कोलकाता

**हरिमोहन बांगड़ ने दिखायी नयी दिशा**



# बीके बिरला के बाद हरिमोहन बांगड़ ने दिखायी नयी दिशा

## पुत्री की शादी सादगी से रचायी | भोज में सिर्फ 10 आइटम | संस्थाओं को दिये एक करोड़

पुरुषोत्तम तिवारी

कोलकाता, 17 जुलाई : शास्त्रों में सुपात्र-सत्पात्र को दान देने की बात कही गयी है. पिछले साल बीके बिरला की पौत्री की शादी हुई थी. तब उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों की समाजसेवी संस्थाओं को एक करोड़ से अधिक की राशि दान में दी थी. रुपये देने में इस बात का खयाल रखा गया कि वैसी छोटी संस्थाओं को मदद मिले, जो किसी भी मायने में बड़ी संस्थाओं से कम नहीं हैं. बड़ी संस्थाओं को तो कहीं से भी रुपये मिल जाते हैं. इसके पहले भी श्री बिरला ऐसे दान कई बार कर चुके हैं. घनश्यामदास बिरला ऐसी शिक्षा अक्सर पत्र के माध्यम से अपने सुपुत्रों को दिया करते थे. और दानवीरों की इस कड़ी में एक नाम और जुड़ गया राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के अध्यक्ष व श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक हरिमोहन बांगड़ का. श्री बांगड़ ने श्री बिरला की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, एक नया आयाम दिया है. श्री बांगड़ की बेटी पूजा की शादी पिछले दिनों सादगी से हुई. इस अवसर पर उन्होंने एक इतिहास रचा. श्री बांगड़ ने राजस्थान व कोलकाता की सामाजिक, शैक्षणिक व धार्मिक संस्थाओं को एक करोड़ रुपये दान देने की घोषणा की. इस अवसर पर उपस्थित राजस्थान की मुख्यमंत्री ने श्री बांगड़ की सराहना की. इसके लिए विधायक सत्यनारायण बजाज ने मारवाड़ी समाज की ओर से बांगड़ बंधुओं को धन्यवाद दिया. राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने कहा कि दान की यह परंपरा अनुकरणीय है. शादी पर होनेवाले अनावश्यक खर्चों से समाज को बचना चाहिए. गौरतलब है कि पत्रकार गीतेश शर्मा के नेतृत्व में पिछले दिनों प्रतिनिधिमंडल श्री बांगड़ से मिला था. प्रतिनिधिमंडल ने श्री बांगड़ से अनुरोध किया कि मारवाड़ी समाज में शादी पर अनावश्यक खर्च नहीं करने व सादगी से विवाह समारोह संपन्न करायें. श्री बांगड़ ने साधारण निमंत्रण पत्र छपवाया था. भोज में सिर्फ 10 आइटम थे. फूल व साज-सज्जा पर खर्च नहीं. श्री बांगड़ द्वारा घोषित दान राशि में 15 लाख रुपये एजुकेशन फार ऑल ट्रस्ट को मिलेंगे. ट्रस्ट द्वारा राजस्थान में सबके लिए शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है. बंगाल में एजुकेशन फार ऑल ट्रस्ट चार वर्षों में 12 हजार छात्रों को मदद कर चुका है. राजस्थान में इस छात्रवृत्ति योजना के प्रभारी प्रशांत बांगड़ होंगे.



हरिमोहन बांगड़ की पुत्री पूजा का पवन कुमार जैन के पुत्र गौरव के साथ शुभ विवाह के उपलक्ष्य में आशीर्वाद समारोह में बांगड़ दंपती के साथ मुख्यमंत्री वसुंधरा राज सिंधिया, सत्यनारायण बजाज व संदीप भूतोड़िया.

प्रभात खबर

कोलकाता, सोमवार, 18 जुलाई, 2005

# हरिमोहन बांगड़ द्वारा एक करोड़ का अनुदान

कोलकाता, 17 जुलाई (संवाददाता)। सुप्रसिद्ध उद्योगपति, राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता के अध्यक्ष एवं श्रीसीमेन्ट के प्रबंध निदेशक श्री हरिमोहन बांगड़ ने अपनी पुत्री पूजा के शुभविवाह के अवसर पर कोलकाता एवं राजस्थान की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्थाओं हेतु एक करोड़ रुपये के अनुदान राशि देने की घोषणा की है। स्थानीय पांच सितारा होटल आईटीसी सोनार बांगला में उनकी पुत्री पूजा एवं गौरव के विवहोपरांत आयोजित स्वागत समारोह के अवसर पर राजस्थान की मुख्य अतिथि श्रीमती वसुन्धरा राजे की उपस्थिति में उन्होंने यह घोषणा की।



*सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री हरिमोहन बांगड़ की सुपुत्री पूजा एवं गौरव (सुपुत्र श्री पवन कुमार जैन) के शुभ विवाहोपक्ष आशीर्वाद समारोह में राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे, राजस्थान फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भुतोड़िया एवं विधायक श्री सत्यनारायण बजाज।*

उल्लेखनीय है कि महानगर की कुछ सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकार एवं चिंतक गीतेश शर्मा के नेतृत्व में जाकर श्री हरिमोहन बांगड़ से मारवाड़ी समाज में शादी-विवाह के अवसर पर बढ़ रहे अनावश्यक खर्च को कम करने की एवं विवाह समारोह को सादगी से सम्पन्न करने की अपील की थी।

श्री बांगड़ ने न केवल उनकी बात को माना बल्कि समाज के इस वरिष्ठतम औद्योगिक घराने ने सिर्फ दस खाद्य पदार्थों की भोजन व्यवस्था कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। आज आयोजित इस समारोह में फूल एवं साज-सज्जा पर भी कोई अनावश्यक खर्च किया गया था। यहां तक कि श्री बांगड़ ने इस शादी पर छपे हुए आमंत्रण पत्र रद्द कर बेहद साधारण निमंत्रण पत्र दुबारा छपवाया। इस अवसर पर विधायक श्री सत्यनारायण बजाज ने पूरे मारवाड़ी समाज की तरफ से श्री हरिमोहन बांगड़ एवं वेणुगोपाल बांगड़ को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने श्री बांगड़ के इस कार्य को सहराते हुए कोलकाता के मारवाड़ी समाज से इसे अनुकरण करने की अपील की। राजस्थान फाउन्डेशन के सचिव एवं इस अवसर पर उपस्थित सुपरिचित संदीप भूतोड़िया ने कहा कि, राजस्थान के मारवाड़ी समाज के पुराने समय में यह परंपरा थी की शादी-विवाह के अवसर पर सामाजिक कार्य हेतु अनुदान दिया जाता था, इस परंपरा का अनुकरण करते हुए श्री बांगड़ ने जो एक करोड़ रुपये की अनुदान राशि दी है वह निस्संदेह हमारी परंपरा एवं रीति-रिवाज को पुनर्जीवित करेगी एवं समाज में शादी-विवाह पर अनावश्यक खर्चों पर नई सोच देने में मदद करेगी।

श्री बांगड़ द्वारा घोषित इस राशि में पंद्रह लाख रुपये राजस्थान में 'एजुकेशन फॉर ऑल' ट्रस्ट के तहत सबके लिए शिक्षा कार्यक्रम पर खर्च किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि बंगाल में 'एजुकेशन फॉर ऑल' ट्रस्ट पिछले चार वर्षों में करीब बारह हजार छात्र-छात्राओं को शिक्षा में मदद कर चुका है। राजस्थान में इसका शुभारंभ अगस्त माह में एक कार्यक्रम द्वारा किया जाएगा। राजस्थान में इस छात्रवृत्ति योजना के प्रभारी श्री प्रशांत बांगड़ होंगे।

छपते छपते, कोलकाता, सोमवार, 18 जुलाई -2005



राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे के कोलकाता आगमन पर आयोजित एक समारोह में उनसे बातचीत करतेहुए प्रभा खेतान फाउण्डेशन के न्यासी श्री संदीप भूताड़िया। -विश्वमित्र चित्र

**दैनिक विश्वमित्र** कोलकाता, १९ जुलाई २००५

**Wedded to a cause**

Page 3



Arijit Dutta

# WEDDED TO A CAUSE



Yunus Khan



Gaurav



Prashant Bangur, Hemant Bangur, Vinita Bangur, Raj Kamal Bangur, Pushpa Bangur, Gopal Das Bangur, HM Bangur and BG Bangur

Yes, we had told you that the wedding reception of industrialist and president of Rajasthan Foundation, Kolkata, **HM Bangur's** daughter would be simple, traditional but heavyweight. And last Saturday, Kolkata's Who's Who — industrialists, politicians, bureaucrats — and bigwigs from Rajasthan, trooped in for a powerhouse reception but without any extravaganza. **Puja** and **Gaurav**, the bride and the groom, were looking gorgeous. Puja's grandfather **BG Bangur** accompanied her father in welcoming the guests. Chief minister of Rajasthan **Vasundhara Raje Scindia** and youth affairs minister of Rajasthan **Yunus Khan** were the guests from the desert land. **Vinod Neotia, RS Agarwal, Sanjay Budhia, Sundeep Bhutoria** and **SK Khaitan** were the other distinguished lot.

To keep it simple, only 10 food items were served. But the highpoint of the occasion, was HM Bangur's announcement of a donation of Rs 1 crore for the community organisations working for the development of social upliftment in Bengal and Rajasthan, in the presence of the chief minister of Rajasthan. Out of this 1 crore, Rs 15 lakhs has to be given to the Education for All Trust, for giving scholarships to needy students.



Puja



Vasundhara Raje Scindia, Sundeep Bhutoria and SN Bajaj

CALCUTTA TIMES, THE TIMES OF INDIA

TUESDAY 19 JULY 2005

# हरिमोहन बांगड़ द्वारा एक करोड़ का अनुदान

सुप्रसिद्ध उद्योगपति, राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता के अध्यक्ष एवं श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक श्री हरिमोहन बांगड़ ने अपनी पुत्री पूजा के शुभ विवाह के अवसर पर कोलकाता एवं राजस्थान की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्थाओं हेतु एक करोड़ रुपये के अनुदान राशि देने की घोषणा की है। स्थानीय पांच सितारा होटल आईटीसी सोनार बांगला में उनकी पुत्री पूजा एवं गौरव के विवाहोपरान्त आयोजित स्वागत समारोह के अवसर पर राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे की उपस्थिति में उन्होंने यह घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि महानगर की कुछ सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकार एवं चिंतक गीतेश शर्मा के नेतृत्व में जाकर श्री हरिमोहन बांगड़ से मारवाड़ी समाज में शादी विवाह के अवसर पर बढ़ रहे अनावश्यक खर्च को कम करने की एवं विवाह समारोह को सादगी से सम्पन्न करने की अपील की थी। श्री बांगड़ ने न केवल उनकी बात को माना बल्कि समाज के इस वरिष्ठतम औद्योगिक घराने ने सिर्फ दस खाद्य पदार्थों की भोजन व्यवस्था कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। आज आयोजित इस समारोह में फूल एवं साज सज्जा पर भी कोई अनावश्यक खर्च नहीं किया गया था। यहां तक की श्री बांगड़ ने इस शादी पर छपे हुए आमंत्रण पत्र रद्द कर बेहद साधारण निमंत्रण पत्र दुबारा छपवाया। इस अवसर पर विधायक श्री सत्यनारायण बजाज ने पूरे मारवाड़ी समाज की तरफ से श्री हरिमोहन बांगड़ एवं वेणुगोपाल बांगड़ को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने श्री बांगड़ के इस कार्य को सराहते हुए कोलकाता के मारवाड़ी समाज से इसे अनुकरण करने की अपील की। राजस्थान फाउन्डेशन के सचिव एवं इस अवसर पर उपस्थित सुपरिचित संदीप भूतोड़िया ने कहा कि राजस्थान के मारवाड़ी समाज के पुराने समय में यह परम्परा थी कि शादी विवाह के अवसर पर सामाजिक कार्य हेतु कुछ अनुदान दिया जाता था, इस परम्परा का अनुकरण करते हुए श्री बांगड़ ने जो एक करोड़ रुपये की अनुदान राशि दी है वह निस्संदेह हमारी परम्परा एवं रीति रिवाज को पुनर्जीवित करेगी एवं समाज में शादी विवाह पर अनावश्यक खर्चों पर नई सोच देने में मदद करेगी।

श्री बांगड़ द्वारा घोषित इस राशि में पन्द्रह लाख रुपये राजस्थान में 'एजुकेशन फॉर ऑल' ट्रस्ट के तहत सबके लिए शिक्षा कार्यक्रम पर खर्च किए जायेंगे। उल्लेखनीय है कि बंगाल में 'एजुकेशन फॉर ऑल' ट्रस्ट पिछले चार वर्षों में करीब बारह हजार छात्र छात्राओं को शिक्षा में मदद कर चुका है। राजस्थान में इसका शुभारम्भ अगस्त माह में एक कार्यक्रम द्वारा किया जायेगा। राजस्थान में इस छात्रवृत्ति योजना के प्रभारी श्री प्रशांत बांगड़ होंगे।



सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री हरिमोहन बांगड़ की पुत्री पूजा के विवाहोपरान्त आईटीसी सोनार बांगला में आयोजित स्वागत समारोह के अवसर पर लिए गये चित्र में राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे, श्री बांगड़, विधायक श्री सत्यनारायण बजाज व राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया।

'सन्मार्ग' कोलकाता, मंगलवार, १९ जुलाई, २००५



राजस्थान पर्यटन विकास परिषद के कार्यक्रम में राजस्थान की मंत्री उषा पुनिया के साथ राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया व अन्य.

# पधारो सा थारे देश : उषा पुनिया

कोलकाता, 5 सितंबर : पर्यटन के क्षेत्र में राजस्थान महत्वपूर्ण स्थान बन गया है. राज्य में शांति व सुरक्षा के माहौल से पर्यटकों की तादाद बढ़ी है. पर्यटकों को आवास के लिए होटल निर्माण के क्षेत्र में निजी उद्यमियों को आमंत्रित किया गया है. सरकार इन उद्यमियों को होटल निर्माण के लिए जमीन भी मुहैया करा रही है. उक्त बातें आज राजस्थान पर्यटन विकास परिषद के कार्यक्रम में राजस्थान की पर्यटन, कला व संस्कृति राज्य मंत्री श्रीमती उषा पुनिया ने कही. उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन विभाग के चिह्न पर लिखा है कि पधारो म्हारे देश. लेकिन मै आप लोगों से कहूंगी कि पधारो थ्यांके देश, क्योंकि राजस्थान प्रदेश आपका है. राज्य सरकार ने चालू वर्ष में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 24 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है. राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से भी सौ करोड़ रुपये की मांग की है. कोलकाता में राजस्थानी मूल के बहुत काफी लोग रहते हैं. राजस्थान पर्यटन विभाग उन लोगों को अपने देस आने के लिए आमंत्रित करता है. घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान परिवहन विकास निगम ने भाड़े में 20 फीसदी की छूट दी है. उन्होंने कहा कि तीन सितंबर, 2005 से राजस्थान पर्यटन विभाग ने नयी योजना भी शुरू की है. इसके अंतर्गत परिवहन विभाग मात्र 170 रुपये में पर्यटकों को जयपुर की पुरानी हवेलियों व बाजार में पर्यटकों को रात में घुमायेगा. इस अवसर पर संदीप भूतोड़िया, पीआर अग्रवाल, प्रभा खेतान, गोविंद सारडा, त्रिलोक चंद, प्रदीप कुंडलिया, रामू गुलगोलिया, राजेश बिहानी, राजस्थान पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक बीएल गुप्ता उपस्थित थे.

## राजस्थान का रोड शो



राजस्थानी लोकनृत्य पेश करती कलाकार.

प्रभात खबर

कोलकाता, मंगलवार, 6 सितंबर, 2005

## पर्यटकों के साथ-साथ अप्रवासियों से भी अपील

# पधारो थ्यांकै देश : उषा पूनीया




*तीन दिवसीय पर्यटन मेले के अवसर पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आयोजित रोड शो में राजस्थान की पर्यटन राज्य मंत्री श्रीमती उषा पूनीया और पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री बी. एल. गुप्ता। दायें राजस्थान के लोक नृत्य का प्रदर्शन।* फोटो : छपते छपते

कोलकाता, 5 सितंबर (संवाददाता)। पधारो थाँरे देश। इसी नारे के साथ अब राजस्थान न सिर्फ पर्यटकों को आमंत्रित कर रहा है बल्कि राज्य के अप्रवासी राजस्थानियों को वहां पर्यटन उद्योग में पूंजी लगाने का आह्वान भी कर रहा है। तीन दिवसीय पर्यटन मेले के अवसर पर आयी राजस्थान की पर्यटन मंत्री ने यह घोषणा की। मंत्री श्रीमती उषा पूनीया ने कहा कि इस वर्ष रिकार्ड संख्या में पर्यटकों के आने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि समुद्र तट और बर्फ से ढके पहाड़ों के अलावा हर चीज हमारे यहां है। हम चाहते हैं कि वर्ष भर पर्यटक आये और हर दर्शनीय स्थल का आनंद ले। श्रीमती पूनीया के अनुसार इस समय एक पर्यटक औसतन ढाई दिन राजस्थान में रहता है। हम चाहते हैं कि यह अवधि और अधिक हो। इस दिशा में सरकार कई कदम भी उठा रही है। पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक बी एल गुप्ता ने कहा कि निजी संस्थाओं की मदद से पर्यटन स्थलों पर आवास की व्यवस्था की जायेगी। श्री गुप्ता के अनुसार एक निश्चित अवधि के भीतर पर्यटकों की संख्या बढ़ने से आवास की कमी हो जाती है, इसलिए राज्य सरकार एक नयी होटल नीति ला रही है। इसके तहत बजट श्रेणी के होटलों का विकास किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि जयपुर में 20 कमरों के मकानों को सिर्फ पर्यटकों के ठहरने के लिए व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम पेइंग गेस्ट व्यवस्था पर भी विचार कर रहे हैं, ताकि पर्यटक राजस्थान की संस्कृति और सभ्यता को नजदीक से देख सकें। पूजा की छुट्टियों में बंगाल से जाने वाले पर्यटकों के लिए आरटीडीसी के होटलों में 20 प्रतिशत की छूट के साथ-साथ कई आकर्षक पैकेज की घोषणा भी की गयी है। पर्यटन मेले के अवसर पर कोलकाता आयी पर्यटन, कला, संस्कृति एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने अपने सम्मान में आयोजित मिलन गोष्ठी में भी हिस्सा लिया। वहां पर उन्होंने कहा 'हालांकि राजस्थान पर्यटन विभाग के चिह्न पर लिखा हुआ है- 'पधारो म्हारे देश' लेकिन आप अप्रवासियों को मैं यह कहना चाहूंगी- 'पधारो थ्यांके देश' क्योंकि आपके लिए राजस्थान प्रदेश दूसरके के जैसा नहीं है कि उनको आने का न्यौता दें। आपलोगों को तो स्वयं अपने प्रदेश में आना चाहिए।' अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, युवा शाखा एवं राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष श्री संदीप भूतोड़िया के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपति एवं साहित्यकार प्रभा खेतान, राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, रूपा एंड कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री पी. आर. अग्रवाल, उद्योगपति गोविंद सारड़ा, उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री बी. डी. सुरेका, विधायक श्री सत्यनारायण बजाज, जैन संस्कृति संसद के श्री तिलोकचंद डागा, फिल्म निर्माता श्री प्रदीप कुंडलिया लॉरिका रिजोर्ट के श्री सतीश लाखोटिया, माहेश्वरी समाज के श्री राजेश बिहानी, आसाम के उद्योगपति श्री रामू गुलगुलिया, चिली के मानद काउंसिल श्री जुगलकिशोर सर्राफ, ताजा टीवी के श्री विपिन नेवर, नेमिचंद बामलवा ज्वैलर्स के श्री मदनलाल बामलवा के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए।

श्रीमती उषा पूनीया ने उद्योगपतियों से कई संभावित योजनाओं पर चर्चा की एवं अपनी तरफ से सहयोग का आश्वासन दिया। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया तथा डा. प्रभा खेतान ने बंगाल की विख्यात फैशन डिजाइनर शर्बरी दत्ता द्वारा डिजाइन किया गया दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मिलन गोष्ठी में राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री बी. एल. गुप्ता एवं पर्यटन विभाग जयपुर के अश्विनी जैन भी उपस्थित थे।

छपते छपते, कोलकाता, मंगलवार, 6 सितंबर-2005

# 'पधारो थ्यांकै देश'-उषा पूनीया

कोलकाता, 5 सितम्बर (नि.प्र.)। हालांकि राजस्थान पर्यटन विभाग के चिन्ह पर लिखा हुआ है- 'पधारो म्हारे देश' लेकिन आप अप्रवासियों को मैं यह कहना चाहूंगी- 'पधारो थ्यांकै देश' क्यों कि आपके लिए राजस्थान प्रदेश दूसरे के जैसा नहीं है कि उनको आने का न्यौता दें। आप लोगों को तो स्वयं अपने प्रदेश में आना चाहिए। यह बात राजस्थान की पर्यटन, कला, संस्कृति एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री श्रीमती उषा पूनीया ने अपने सम्मान में आयोजित मिलन गोष्ठी के दौरान उपस्थित लोगों से कही। श्रीमती उषा पूनीया के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में प्रभा खेतान, श्री हरिमोहन बांगड़, श्री पी.आर. अग्रवाल, गोविंद सारडा, श्री. बी.डी. सुरेका, श्री जुगल किशोर सर्राफ, संदीप भूतोड़िया, विधायक श्री सत्यनारायण बजाज आदि उपस्थित थे।

'सन्मार्ग' कोलकाता, मंगलवार, 6 सितम्बर, 2005

# पुनिया का अभिनंदन

कोलकाता, ५ सितंबर (राष)। महानगर की कई सामाजिक व सांस्कृतिक संस्थाओं की ओर
से सोमवार को राजस्थान की पर्यटन, कला, संस्कृति व नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री उषा पुनिया का
अभिनंदन किया गया।

मिलन गोष्ठी के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन (युवा शाखा)
के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया के निवास स्थान पर किया गया था। इस मौके पर साहित्यकार प्रभा
खेतान, हरिमोहन बांगड़, पीआर अग्रवाल, गोविंद सारडा, बीडी सुरेका, त्रिलोकचंद डागा, प्रदीप
कुंडलिया, राजेश बिहानी, रामू गुलगुलिया, जुगलकिशोर सर्राफ, विपिन नेवर, मदनलाल बामलवा
के अलावा कई लोग मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक सत्यनारायण बजाज भी
उपस्थित थे।

जनसत्ता, कोलकाता, ६ सितंबर २००५

CALCUTTA TIMES, THE TIMES OF INDIA **KOLKATA IS TALKING**

# DESERT & DINNER

It was a party in honour of Usha Punia, minister of tourism, art and culture, civil aviation, government of Rajasthan, thrown by Sundeep Bhutoria, secretary, Rajasthan Foundation, at his residence on Sunday. It was attended by HM Bangur, president, Rajasthan Foundation, industrialists PR Agarwal, BD Sureka and Govind Sarda, MLA SN Bajaj, jewellery baron Madanlal Bamalwa and Satish Lakhotia. There were specialities like Jodhpuri Mirch Vada and Rajasthani Kulfi. Usha was gifted a designer shawl by novelist Prabha Khaitan.


Prabha and Usha


Ramu Gulgulia


Usha and Sundeep


HM Bangur, PR Agarwal and Satish Lakhotia

## sms joke of the day

Girls are like roads. The more there are curves, the more dangerous they are

For more Spicy jokes, sms SPICY to 8888

To order Most Popular SMS Jokes from Times Group Books, log on to www.books.indiatimes.com or pick up your copy at leading bookstores.




CALCUTTA TIMES ,8, SEPTEMBER , 2005




**राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा होटल हिन्दुस्तान इंटरनेशनल में आयोजित समारोह में राजस्थान की पर्यटन मंत्री श्री उषा पूनिया, राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के मानद सचिव श्री संदीप भूतोड़िया। पास ही चित्र में कला का प्रदर्शन करते हुए राजस्थानी कलाकार।** - फोटो : विश्वमित्र

# पधारो थ्यारै देश – उषा पूनिया

कोलकाता, ७ सितम्बर (नि.प्र.)। हालांकि राजस्थान पर्यटन विभाग के चिन्ह पर लिखा हुआ है- 'पधारो म्हारै देश' लेकिन आप अप्रवासियों को मैं कहना चाहूंगी- 'पधारो थ्यारै देश' क्योंकि आपके लिए राजस्थान प्रदेश दूसरे प्रदेशों जैसा नहीं है कि उनको आने का न्यौता दें। आप लोगों को तो स्वयं अपने प्रदेश में आना चाहिए।' यह विचार राजस्थान की पर्यटन, कला, संस्कृति एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री श्रीमती उषा पूनिया ने अपने सम्मान में आयोजित मिलन गोष्ठी एवं भोज के दौरान उपस्थित उद्योगपतियों के समूह से कही। अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, युवा शाखा एवं राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष श्री संदीप भूतोड़िया के निवास स्थान पर श्रीमती उषा पूनिया के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपति एवं साहित्यकार प्रभा खेतान, राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, रूपा एंड कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री पी.आर. अग्रवाल, उद्योगपति गोविंद सारडा, उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री बी.डी. सुरेका, जैन संस्कृति संसद के श्री तिलोकचंद डागा, फिल्म निर्माता श्री प्रदीप कुंडलिया, लॉरिका रिजार्ट के श्री सतीश लाखोटिया, माहेश्वरी समाज के श्री राजेश बिहानी, आसाम के उद्योगपति श्री रामू गुलगुलिया, चिली के मानद काउंसिल श्री जुगलकिशोर सर्राफ, ताजा टीवी के श्री विपिन नेवर, नेमिचंद बामलवा ज्वेलर्स के श्री मदनलाल बामलवा के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए। मिलन गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पश्चिम बंगाल विधानसभा के सदस्य श्री सत्यनारायण बजाज उपस्थित थे। श्रीमती उषा पूनिया ने उद्योगपतियों से कई संभावित योजनाओं पर चर्चा की एवं अपनी तरफ से सहयोग का आश्वासन दिया। राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया तथा डॉ. प्रभा खेतान ने बंगाल की विख्यात फैशन डिजाईनर शर्वरी दत्ता द्वारा डिजाईन किया गया दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मिलन गोष्ठी में राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री बी.एल. गुप्ता एवं पर्यटन विभाग जयपुर के अश्विनी जैन भी उपस्थित थे।

दैनिक विश्वमित्र 8, सितम्बर 2005

राजस्थान के मंत्री का आगमन

कोलकाता, 14 सितंबर। राजस्थान सरकार के समाज कल्याण मंत्री श्री मदन दिलावर अपने 5 दिवसीय कोलकाता यात्रा पर कल कोलकाता



श्री मदन दिलावर
समाज कल्याण मंत्री, राजस्थान

पहुंच रहे हैं। अपने कोलकाता प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह 10 बजे राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उसी दिन सुबह 11.30 बजे वे पत्रकारों को सम्बोधित करने के पश्चात दोपहर पं. बंगाल सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं सहकारिता मंत्री से बैठक करेंगे। शाम को श्री दिलावर भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। 17 सितंबर को दोपहर राजस्थान सूचना केंद्र एवं राजस्थान परिषद द्वारा उनके सम्मान में समारोह आयोजित है। रविवार को मंत्री महोदय अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक में भाग लेंगे एवं 19 सितंबर को जयपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

**छपते छपते, कोलकाता, गुरुवार, 15 सितंबर-2005**

## राजस्थान के सहकारिता मंत्री महानगर में

कोलकाता, १४ सितंबर (जस)। राजस्थान के सामाजिक एवं सहकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री मदन दिलावर चार दिनों के प्रवास पर १५ सितंबर को कोलकाता आएंगे। राजस्थान फाउंडेशन की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि १६ तारीख को सुबह उनके सम्मान में संदीप भूतोड़िया की ओर से मिलन गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भी वे उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा उसी दिन राज्य के सहकारिता मंत्री हफीज अहमद शायरानी से मुलाकात भी करेंगे। अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा के एक उद्घाटन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। राजस्थान परिषद, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन व राजस्थानी संस्थाओं के पदाधिकारियों से भी उनकी मुलाकात होगी।

**जनसत्ता, कोलकाता, १५ सितंबर २००५**

## राजस्थान के समाज कल्याण मंत्री आज आयेंगे

कोलकाता : राजस्थान के समाज कल्याण मंत्री मदन दिलावर 5 दिवसीय कोलकाता यात्रा पर गुरुवार को कोलकाता पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह 16 सितंबर को पूर्वाह्न 10 बजे राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उसी दिन 11.30 बजे वे पत्रकारों को संबोधित करने के पश्चात दोपहर 1 बजे बंगाल सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं सहकारिता मंत्री से बैठक करेंगे। शाम को 6.30 बजे श्री दिलावर भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। शनिवार दिनांक 17 सितंबर को दोपहर बाद 4 बजे राजस्थान सूचना केंद्र एवं राजस्थान परिषद द्वारा अपने सम्मान में राजस्थान सूचना केंद्र में आयोजित समारोह में सम्मिलित होंगे। रविवार दिनांक 18 सितंबर 05 को वे अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक में भाग लेंगे।

जमशेदपुर, 15 सितंबर, 2005

**दैनिक जागरण**

## राजस्थान के समाज कल्याण मंत्री का कोलकाता आगमन

कोलकाता, 14 सितम्बर (न. प्र.)। राजस्थान के समाज कल्याण व सहकारिता मंत्री मदन दिलावर कल 5 दिवसीय दौरे पर कोलकाता आ रहे हैं। अपने कोलकाता प्रवास के दौरान वे राजस्थान नेशनल फोरम, राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चैप्टर के कार्यक्रम में 16 सितम्बर को शामिल होंगे। इसके बाद वे राज्य के समाज कल्याण व सहकारिता मंत्री के साथ बैठक करेंगे। शाम को वे भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। 17 सितम्बर को राजस्थान सूचना केन्द्र एवं राजस्थान परिषद द्वारा उनके सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया है। 18 सितम्बर को वे अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक में भाग लेंगे तथा 19 को जयपुर चले जायेंगे।

'सन्मार्ग' कोलकाता, गुरुवार, 15 सितम्बर 2005

# राजस्थान के समाज कल्याण मंत्री आज कोलकाता में



कोलकाता, 14 सितम्बर (वि.)। राजस्थान सरकार के समाज कल्याण मंत्री मदन दिलावर पांच दिवसीय दौरे पर गुरुवार को कोलकाता पहुंच रहे हैं। वे शुक्रवार को राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और राज्य के समाज कल्याण मंत्री एवं सहकारिता मंत्री के साथ बैठक करेंगे। शाम को वे भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। मदन दिलावर शनिवार को राजस्थान सूचना केन्द्र एवं राजस्थान परिषद द्वारा आयोजित समारोह में सम्मिलित होंगे और रविवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक में भाग लेंगे। राजस्थान सूचना केन्द्र की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है।

गुरुवार | 15 सितम्बर 2005

राजस्थान पत्रिका | कोलकाता

## राजस्थान के मंत्री मदन दिलावर का आज आगमन

कोलकाता, १४ सितम्बर (नि.प्र.)। राजस्थान सरकार के समाज कल्याण मंत्री श्री मदन दिलावर अपने ५ दिवसीय कोलकाता यात्रा पर कल गुरुवार को कोलकाता पहुंच रहे हैं। श्री दिलावर अपने प्रवास के दौरान १६ सितम्बर को सुबह १० बजे राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उसी दिन सुबह ११.३० बजे वे पत्रकारों को संबोधित करने के पश्चात दोपहर १ बजे प. बंगाल सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं सहकारिता मंत्री के साथ बैठक करेंगे। शाम को ६.३० बजे श्री दिलावर भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। १७ सितम्बर को दोपहर बाद ४ बजे राजस्थान सूचना केन्द्र एवं राजस्थान परिषद द्वारा उनके सम्मान में राजस्थान सूचना केन्द्र में आयोजित समारोह में शामिल होंगे। मंत्री महोदय अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक में भाग लेंगे और १९ को जयपुर प्रस्थान करेंगे।

कोलकाता, १५ सितम्बर २००५ **दैनिक विश्वमित्र**

# स्वागत के लिए मिलन गोष्ठी



मदन दिलावर से बातें करते संदीप भूतोड़िया व सीताराम शर्मा

**कोलकाता :** राजस्थान के सामाजिक व सहकारी मंत्री मदन दिलावर का कहना है कि बंगाल व राजस्थान समाज कल्याण के सरकारी उपक्रमों की अच्छाइयां एक दूसरे से ग्रहण करेंगे. अपने पांच दिवसीय कोलकाता प्रवास के दौरान आज वह राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया द्वारा आयोजित मिलन गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के सहकारिता मंत्री हफीज आलम शैरानी व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से बातचीत करके दोनों राज्यों की सरकारी योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे. मिलन गोष्ठी में विधायक सत्यनारायण बजाज, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष युगल किशोर जैथलिया, दिनेश बजाज, दिलीप बनर्जी, प्रह्लाद राय अग्रवाल, प्रदीप कुंडलिया, राजकुमार शर्मा, कौंसुल सीताराम शर्मा, राजेश बिहानी, भानी राम सुरेका व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

प्रभात खबर

कोलकाता, शनिवार, 17 सितंबर, 2005



राजस्थान नेशनल फोरम एवम् अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन युव शाखा के अध्यक्ष श्री संदीप भूतोड़िया ने राजस्थान के समाज कल्याण व सहकारिता मंत्री श्री मदन दिलावर के सम्मान में आयोजित समारोह के अवसर पर लिए गए चित्र में मंत्री श्री दिलावर, श्री भूतोड़िया, बेलारूस के मानद कॉसुल श्री सीताराम शर्मा, विधायक श्री सत्यनारायण बजाज, श्री जुगल किशोर जैथलिया, श्री राजकुमार शर्मा एवं श्री भानीराम सुरेका परिलक्षित हैं। इस अवसर पर श्री प्रह्लाद राय अग्रवाल, श्री प्रदीप कुंडलिया व श्री राजेश बिहानी उपस्थित थे। — विश्वमित्र चित्र

# बंगाल और राजस्थान, समाज कल्याण के सरकारी उपक्रमों की अच्छाईयां एक-दूसरे से ग्रहण करेगा : मदन दिलावर

कोलकाता, १६ सितम्बर (नि.प्र.)। बंगाल और राजस्थान, समाज कल्याण के सरकारी उपक्रमों की अच्छाईयां एक-दूसरे से ग्रहण करेगा। यह वक्तव्य राजस्थान के सामाजिक कल्याण एवं सहकारी विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री मदन दिलावर ने अपने पांच दिवसीय कोलकाता प्रवास के प्रथम कार्यक्रम में व्यक्त किया। श्री दिलावर, राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष श्री संदीप भूतोड़िया द्वारा आयोजित मिलन गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वे यहां के सहकारिता मंत्री हफीज आलम शायरानी एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से विचार-विमर्श कर दोनों प्रदेशों के सरकारी योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। श्री भूतोड़िया के निवास स्थान पर आयोजित मिलन-गोष्ठी में स्थानीय विधायक श्री सत्यनारायण बजाज, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री जुगलकिशोर जैथलिया, एक नजर टीवी के प्रधान संपादक श्री दिनेश बजाज, इलेक्शन रिकार्डर के लेखक श्री दिलीप बनर्जी, रूपा एंड कंपनी के चेयरमैन श्री प्रह्लाद राय अग्रवाल, फिल्म निर्माता प्रदीप कुंडलिया, अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा के महासचिव, राजकुमार शर्मा, बेलारूस के मानद कंसुल श्री सीताराम शर्मा, माहेश्वरी युवा समाज के राजेश बिहानी, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के श्री भानीराम सुरेका तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कोलकाता प्रवासी राजस्थानियों की तरफ से विधायक श्री बजाज द्वारा श्री दिलावर का शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया गया। श्री मदन दिलावर ने राजस्थान नेशनल फोरम द्वारा राजस्थान और बंगाल के बीच जो सेतु बंधन का कार्य किया है उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष श्री भूतोड़िया ने आभार व्यक्त किया।

कोलकाता, १७ सितम्बर २००५ दैनिक विश्वमित्र



राजस्थान नेशनल फोरम एवं अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन युवा शाखा के अध्यक्ष श्री संदीप भूतोड़िया ने राजस्थान के सामाजिक कल्याण एवं सहकारी विभाग के मंत्री श्री मदन दिलावर के सम्मान में अपने निवास स्थान पर मिलन गोष्ठी का आयोजन किया। चित्र में श्री दिलावर के साथ श्री भूतोड़िया के अलावा बेलारुस के मानद कौंसुल श्री सीताराम शर्मा, विधायक श्री सत्यनारायण बजाज श्री जुगल किशोर जैथलिया, श्री राजकुमार शर्मा, श्री भानीराम सुरेका।

छपते छपते, कोलकाता, शनिवार, 17 सितंबर-2005

## 'बंगाल और राजस्थान समाज अच्छाइयां एक दूसरे से ग्रहण करेंगे'

कोलकाता, 16 सितम्बर (नि.प्र.)। बंगाल और राजस्थान, समाज कल्याण के सरकारी उपक्रमों की अच्छाइयां एक दूसरे से ग्रहण करेंगे। यह वक्तव्य राजस्थान के सामाजिक कल्याण एवं सहकारी विभाग के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने अपने पांच दिवसीय कोलकाता प्रवास के प्रथम कार्यक्रम में व्यक्त किया। दिलावर राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया द्वारा आयोजित मिलन गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वे यहां के सहकारिता मंत्री हफीज आलम शायरानी एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से विचार-विमंश कर दोनों प्रदेशों की सरकारी योजनाओं पर विचार विमर्श करेंगे।

'सन्मार्ग' कोलकाता, शनिवार, 17 सितम्बर 2005

## राजस्थान नेशनल फोरम की मिलन गोष्ठी

कोलकाता, 16 सितम्बर (वि.)। राजस्थान के सामाजिक कल्याण एवं सहकारी विभाग के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया के निवास पर आयोजित मिलन गोष्ठी में शामिल हुए।

मिलन-गोष्ठी में स्थानीय विधायक सत्यनारायण बजाज, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जुगलकिशोर जैथलिया, एक नजर टीवी के प्रधान संपादक दिनेश बजाज, इलेक्शन रिकार्डर के लेखक दिलीप बनर्जी, रूपा एंड कंपनी के चैयरमैन प्रह्लाद राय अग्रवाल, फिल्म निर्माता प्रदीप कुंडलिया, अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा के महासचिव राजकुमार शर्मा, बेलारूस के मानद कंसुल सीताराम शर्मा, माहेश्वरी युवा समाज के राजेश बिहानी, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के भानीराम सुरेका तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका | कोलकाता

शनिवार | 17 सितम्बर 2005

## मिलन गोष्ठी में शामिल हुए राजस्थान के सामाजिक कल्याण मंत्री


कोलकाता, १६ सितंबर (जनसत्ता)। बंगाल और राजस्थान, समाज कल्याण के सरकारी उपक्रमों की अच्छाइयां एक-दूसरे से ग्रहण करेगा। यह वक्तव्य राजस्थान के सामाजिक कल्याण एवं सहकारी विभाग के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने अपने पांच दिवसीय कोलकाता प्रवास के प्रथम कार्यक्रम में व्यक्त किया। दिलावर राजस्थान नेशनल फोरम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया की ओर से आयोजित मिलन गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वे यहां के सहकारिता मंत्री हफीज आलम शायरानी व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से दोनों प्रदेशों के सरकारी योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। भूतोड़िया के निवास पर आयोजित गोष्ठी में विधायक सत्यनारायण बजाज, जुगलकिशोर जैथलिया, दिनेश बजाज, दिलीप बनर्जी,, प्रह्लाद राय अग्रवाल, प्रदीप कुंडलिया, राजकुमार शर्मा, सीताराम शर्मा, राजेश बिहानी, भानीराम सुरेका आदि मौजूद थे।

जनसत्ता, कोलकाता, १७ सितंबर २००५




राजभवन में महामहिम राज्यपाल प्रतिभा पाटिल के जन्मदिवस पर बधाई देते हुए राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के मानद सचिव श्री संदीप भूतोड़िया व श्री प्रदीप चतुर्वेदी। - विश्वमित्र

दैनिक विश्वमित्र २० दिसम्बर २००५



जयपुर में राजभवन में राज्यपाल प्रतिभा पाटील के जन्मदिन पर गुलदस्ता भेंट करते राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया एवं राजस्थान नेशनल फोरम के सचिव प्रदीप चतुर्वेदी.

*प्रभात खबर २० दिसम्बर २००६*



राजभवन में राज्यपाल प्रतिभा पाटील के जन्मदिवस के अवसर पर राजस्थान फाउन्डेशन कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया एवं राजस्थान नेशनल फोरम के सचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने गुलस्ता भेंट किया।

# राज्यपाल ने सादगी से बनाया जन्म दिन


जयपुर। राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटील ने आज अपनी 71वीं वर्षगांठ सादगी से मनायी और कुष्ट रोगियों के बीच कम्बल वितरित किये।

श्रीमती प्रतिभा पाटील ने अपने जन्मदिन पर राजभवन परिसर के मंदिर में पूजा अर्चना की। राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा प्रमुख नागरिकों ने श्रीमती पाटील को जन्म दिवस की बधाई दी और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

शाम को राज्यपाल ने गलता रोड स्थित कुष्ट आश्रम जाकर कुष्ट रोगियों के बीच कम्बल वितरित किये।


राजभवन में राज्यपाल प्रतिभा पाटील के जन्मदिवस के अवसर पर राजस्थान फाउन्डेशन कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया एवं राजस्थान नेशनल फोरम के सचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने गुलस्ता भेंट किया।

दैनिक राष्ट्रदुत २० दिसम्बर २००५



राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोरिया व राज. ने. फोरम के महासचिव प्रदीप चतुर्वेदी राज्यपाल प्रतिभा पाटील को उनके जन्म दिन पर गुलदस्ता भेंट करते हुए।

EVENING PLUS, 20, DECEMBER 2005



राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटील को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता के संदीप भूतोड़िया एवं राजस्थान नेशनल कोरम के सचिव प्रदीप चतुर्वेदी।

समाचार जगत २० दिसम्बर २००५




मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे राज्यपाल प्रतिभा पाटील को ( बाएं ) तथा राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया एवं राजस्थान नेशनल फोरम के महासचिव प्रदीप चतुर्वेदी पाटील को उनके जन्मदिन पर गुलदस्ता भेंट करते हुए।

महका भारत जयपुर २० दिसम्बर २००५



राजभवन में महामहिम राज्यपाल प्रतिभा पाटिल के जन्मदिवस के अवसर पर राजस्थान फाउन्डेशन कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया एवं राजस्थान नेशनल फोरम के सचिव प्रदीप चतुर्वेदी गुलदस्ता भेंट करते हुए। -फोटो:महानगर

महानगर टाइमस जयपुर २० दिसम्बर २००५




राजभवन में महामहिम राज्यपाल प्रतिभा पाटिल के जन्मदिवस के अवसर पर राजस्थान फाउन्डेशन कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया एवं राजस्थान नेशनल फोरम के सचिव प्रदीप चतुर्वेदी गुलदस्ता भेंट करते हुए।

# राज्यपाल ने सादगी से मनाया जन्मदिन

करंटज्वाला संवाददाता

जयपुर, 20 दिसम्बर। राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने अपनी 71वीं वर्षगांठ पर राजभवन परिसर के मंदिर में पूजा अर्चना की और सादगी से वर्षगांठ मनाते हुए कुष्ठ रोगियों को कम्बल वितरित किये। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा प्रमुख नागरिकों ने श्रीमती पाटील को जन्मदिवस की बधाई दी और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। राजभवन में राज्यपाल प्रतिभा पाटील के जन्मदिवस के अवसर पर राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया एवं राजस्थान नेशनल फोरम के सचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने गुलदस्ता भेंट किया।

करंटज्वाला २० दिसम्बर २००५



राजस्थान की महामहिम राज्यपाल प्रतिभा पाटिल को जन्म दिवस पर बधाई देते हुए राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया व साथ में परिलक्षित हैं प्रदीप चतुर्वेदी।

'सन्मार्ग' कोलकाता, बुधवार, 21 दिसम्बर, 2005